www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

27 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 39

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## शपथ ग्रहण समारोह का न्योता देने कल्पना संग हेमंत पहुंचे दिल्ली

# मोदी, शाह, राहुल और खड़गे को दिया न्योता

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिले
- ममता से फोन पर की बात, केजरीवाल से भी मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झामुमो नेता सह कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण से पहले अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अरविंद केजरीवाल समेत अन्य नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने 28 नवंबर को झामुमो के नेतृत्व में बनने वाली इंडिया गठबंधन की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में आने के लिए न्योता दिया। हेमंत सोरेन ने इस बारे में अपने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है। हेमंत और कल्पना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की। यह ओक औचारिक मुलाकात थी। नेताओं से मुलाकात के बाद हेमंत ने मीडिया से कहा कि 'आप सभी को नमस्कार। आने वाले दिनों में भी बैठकें होंगी। बहुत सारी चीजें हैं। हमें अपनी सरकार बनानी है। हम यहां आशीर्वाद के लिए आये हैं।'

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की अगुवआई में इंडिया गठबंधन की शानदार जीत हुई है। गठबंधन ने बहुमत के लिए 41 के जादुई आंकड़े से कहीं ज्यादा 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। गठबंधन दल के विधायकों की बैठक में रविवार को हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद उन्होंने राजभवन जाकर नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को झारखंड का मनोनीत मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए उन्हें सरकार गठन हेतु आमंत्रित किया। हेमंत सोरेन 28 नवंबर को फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।





### तमाम बड़े नेताओं को किया जा रहा आमंत्रित

शपथ ग्रहण समारोह को एतिहासिक बनाने की तैयारी है। इसके लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में तैयारी शुरू हो गयी है। हेमंत सोरेन खुद तमाम बड़े नेताओं को 28 नवंबर को रांची आने का न्योता दे रहे है। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन दिल्ली में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। इससे पहले गृह मंत्री अमति शाह से मुलाकात की। दोनों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की। इसके बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल व उनकी पत्नी को भी शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया। उधर, राजद के लालू यादव, तेजस्वी यादव और ममता बनर्जी को भी न्योता भेजा गया है। चर्चा है कि हेमंत सोरेन ने कई नेताओं से फोन पर भी बात की है और शपथ ग्रहण समारोह में आने का आग्रह किया है। हेमंत ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से फोन पर बात की और उन्हें शपथ ग्रहण में आने के लिए आग्रह किया।

## महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री का एलान नहीं, अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के तीन दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी। उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक ही है। नये मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे।

## लोकतंत्र के रक्षकों पर हमला कर रहे झामुमो-कांग्रेस के लोग : बाबूलाल

भारत का संविधान लोकतंत्र का कवच

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरहेट।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बरहेट के दौरे पर थे। उन्होंने बरहेट के भाजपा प्रत्याशी गामालियन हेंब्रम के समर्थन में वोट करने वाले ईमाम मिर्जा सहित अन्य से मुलाकात की तथा उनके घर पर झामुमो कांग्रेस के लोगों द्वारा किये गये पथराव की जानकारी ली। मरांडी ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि आज संविधान दिवस है। भारत का संविधान लोकतंत्र का सुरक्षा कवच है, लेकिन कांग्रेस और झामुमो के लोग सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र के रखवालों पर हमला कर रहे। कहा कि इमाम मिर्जा के घर पर सिर्फ इसलिए पथराव किया गया, क्योंकि उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया था। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड लवजिहाद-लैंडजिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। हाल यह है कि पत्थर चलाये जा रहे हैं, लाठी मारी जा रही है, घर तोड़े जा रहे हैं, वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है। ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर, जिला साहिबगंज में सामने आयी है, जहां ईमाम मिर्जा को सिर्फ इसलिए पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, क्योंकि उसने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर जताया था, वोट कमल के फूल पर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज मुख्यमंत्री के क्षेत्र में जनता को पूरा राशन नहीं मिल रहा,पीने का पानी नहीं है। अबुओ आवास का पैसा नहीं मिल रहा।



## संविधान में घमंड का स्थान नहीं है : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रधानमंत्री बतायें, क्या दूसरे दलों के सांसद लोगों की ओर से नकारे गये लोग हैं?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान में घमंड का स्थान नहीं होता। जैसे प्रधानमंत्री वाराणसी से चुनाव जीते हैं, ठीक उसी प्रकार से अन्य दलों के लोग भी अपने-अपने लोकसभा सीटों से चुनाव जीते हैं। वे नकारे गये लोग नहीं हैं।

सुप्रियो ने कहा कि जब संसद में विपक्ष के लोगों ने मुद्दा उठाया, तो प्रधानमंत्री ने बहुमत के आधार पर उनकी आवाज दबवा दी और विपक्ष के सांसदों को जनता द्वारा नकारा गया बता दिया। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा वे सारे लोग नकारे गये हैं। तो जो झारखंड में नयी सरकार 28 नवंबर को अस्तित्व में आयेगी, वो क्या, वो भी राज्य की जनता द्वारा नकारे गये लोगों की होगी या स्वीकारे गये लोगों की होगी? यह सवाल वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस संविधान की कसमें खाकर वे शपथ लेते हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। ठीक उसी प्रकार अन्य भी संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

सुप्रियो ने कहा कि आज संविधान को अक्षुण्ण बनाये रखने का दिन है और वे इसकी लड़ाई अनवरत लड़ते रहेंगे। क्योंकि, संविधान ही हमारा सब कुछ है। हम भाजपा के द्वारा चलायी जा रही अपनी बातों को यहां चलने नहीं देंगे। यहां जब भी बातें होंगी तो संविधान की होगी और देश संविधान से ही चलेगा।




## संविधान हमारा आधार, विधान मान और स्वाभिमान है : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 26 नवंबर को देश में संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो गये हैं। 2015 से इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि संविधान हमारा आधार है, संविधान हमारा विधान है और संविधान हमारा मान और स्वाभिमान है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा कि देश को संविधान रूपी बहुमूल्य और महान ग्रंथ देने के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर समेत समस्त संविधान निर्माताओं को शत-शत नमन। संविधान दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।







## सोबरन सोरेन का शहादत दिवस आज, महाजनों ने कर दी थी हत्या

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन एवं कल्पना सोरेन सहित कई होंगे शामिल
- कार्यक्रम स्थल का डीसी एसपी ने लिया जायजा

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के लुकैयाटांड़ में हर साल 27 नवंबर को शहीद सोबरन सोरेन का शहादत दिवस मनाया जाता है। हर साल की तरह बुधवार को भी बरलंगा के लुकैयाटांड़ में शहादत दिवस मनाया जायेगा। शहादत दिवस के कार्यक्रम में कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन और बसंत सोरेन सहित कई नेता शामिल होंगे। वहीं, शहादत दिवस के मौके पर गरीबों और असहाय लोगों के बीच कंबल और कपड़ों का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार एसपी अजय कुमार सहित कई अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

**महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज की थी बुलंद:** सोबरन सोरेन ने राज्य में महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। इसलिए महाजन उन्हें पसंद नहीं करते थे। सोबरन महाजन द्वारा किये जा रहे शोषण और दमन के खिलाफ लगातार आवाज उठाते थे। दरअसल, सोबरन हमेशा से ही आदिवासियों के हितों के लिए आवाज बुलंद करते थे। कई ऐसे भी मौके आये जब महाजन के बच्चों ने आदिवासियों महिलाओं को अपशब्द कहा तब भी इसका विरोध सोबरन ने ही किया था।



### शिबू के पिता एवं हेमंत के दादा हैं सोबरन सोरेन

सोबरन सोरेन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पिता और हेमंत सोरेन के दादा थे। सोबरन सोरेन पेशे से एक शिक्षक थे। सोबरन शिक्षा के महत्व को समझते थे और वो शिक्षा को गांव-गांव तक ले जाना चाहते थे। इसलिए वो शिक्षा का गांव-गांव जाकर प्रचार करते थे। सोबरन गांधीवादी थे। इतना ही नहीं सोबरन ने देश के आजादी के लिए हुई लड़ाई में भी भाग लिया था।

### महाजनों ने की थी सोबरन की हत्या

सोबरन सोरेन महाजनों के लिए धीरे-धीरे बड़ी मुसीबत बनते जा रहे थे। ऐसे में उन्होंने सोबरन की हत्या करने की सोची और इसमें सउल हो गये। 27 नवंबर 1957 को उनकी हत्या कर दी गयी। सोबरन सोरेन और जयराम नेमरा गांव से बरलंगा ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। इसी दौरान दोनों पर महाजन और उनके लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में सोबरन सोरेन की मौत हो गयी। वहीं, जयराम बेसरा बच गये। जिसके बाद जयराम ने ही पूरी घटना की जानकारी दी थी।

### पिता की मौत के बाद आंदोलन में कूदे शिबू

सोबरन सोरेन जब महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद कर थे तब तक शिबू सोरेन आंदोलन से नहीं जुड़े थे। उस वक्त वो गोला के आदिवासी छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते थे। पिता की मौत की खबर शिबू को छात्रावास में ही मिली थी। बाद में शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की। आंदोलन के दौरान शिबू सोरेन तत्कालीन भाकपा नेता मजरूल हसन खान के सम्पर्क में आये। उनके मार्गदर्शन से राजनिति में आये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

194000 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

सर्राफा

सोना (बिक्री) 71,300 रु./10 ग्राम

चांदी 91,000 रु./प्रति किलो

# हेमंत सोरेन के सामने खुद की शख्सियत को और निखारने का सुनहरा मौका

- हेमंत उस पारस की तरह हो गये हैं, जहां हाथ लगाया, वो ही सोना हो गया
- जेएमएम हर वर्ग की पार्टी बन सके, इसका प्रयास हेमंत सोरेन को करना चाहिए
- हेमंत को एक नये झारखंड की परिकल्पना करनी चाहिए, जिसका विकास दुनिया देख सके



राकेश सिंह

28 नवंबर को हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनेवाले हैं। जब-जब हेमंत ने राज्य की कमान संभाली है, तब-तब वह राजनीतिक रूप से निखरते चले गये। हर बार उनमें परिवर्तन देखने को मिला। वह राजनीतिक रूप से परिपक्व होते चले गये और स्वभाव भी विनम्र होता चला गया। कहते हैं, जिस पेड़ में अधिक फल लदा होता है, वही झुकता है। हेमंत सोरेन भी उसी फलदार वृक्ष की तरह होते चले गये। हेमंत उस पारस की तरह हो गये हैं, जहां हाथ लगाया, वो ही सोना हो गया। जेएमएम गठबंधन का प्रदर्शन उसी पारस की देन है। अब हेमंत सोरेन के सामने खुद की शख्सियत को और विस्तार करने का सुनहरा मौका है। फिलहाल उनकी पार्टी जेएमएम को आदिवासियों की पार्टी कहा जाता है। अब हेमंत के सामने मौका है कि जेएमएम का और विस्तार हो सके। जेएमएम हर वर्ग की पार्टी बन सके, इसका प्रयास हेमंत सोरेन को करना चाहिए। यह काम उनके लिए बहुत मुश्किल भी नहीं है। क्योंकि उनके साथ अब कल्पना सोरेन भी हैं। कल्पना सोरेन झारखंड की महिलाओं के लिए प्रेरणा और आदर्श बन चुकी हैं। और महिलाएं क्या कर सकती हैं, उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में दिखा दिया। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर मतदान किया।

### जेएमएम का विस्तार हेमंत सोरेन और पार्टी के लिए समय की मांग है

जेएमएम का विस्तार हेमंत सोरेन और पार्टी के लिए समय की मांग है। अगर वह अपनी पैठ हर वर्ग के लोगों में बनाते हैं, तो एक ऐसा मंच तैयार हो सकता है, जो उन्हें नेशनल प्लेटफार्म पर स्थापित कर सके। जिस तरीके से हेमंत सोरेन राजनीतिक रूप से मजबूती के साथ स्थापित हो रहे हैं, बार-बार वह खुद को हर मोर्चे पर साबित कर रहे हैं, अब समय आ चूका है कि जेएमएम नेशनल पार्टी के रूप में भी पहचान रखे। उसके लिए उन्हें अभी से काम करना पड़ेगा। सही समय पर सही फैसला ही किसी पार्टी को मजबूती प्रदान कर सकता है। आज जेएमएम उस मोड़ पर है, जहां से वह सक्षम है कि उसमें कुछ और सकारात्मक विस्तार किया जाये और अन्य वर्गों के लिए भी द्वार खोला जाये। उन्हें भी मौका दिया जाये। आज जेएमएम से हर कोई जुड़ना चाहता है। और प्रमुखता से जुड़ना चाहता है। यह इसलिए हो पा रहा, क्योंकि उसे जेएमएम में अपना सुनहरा भविष्य दिख रहा है। हाल के दिनों में जेएमएम ने कई बेड़ियों को तोड़ा भी है। यह प्रयास हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के



प्रयास से ही संभव हो पाया है। अब इस कमाल की जोड़ी को और भी कमाल करने की जरूरत है। झारखंड के विकास के लिए मजबूत और स्थायी सरकार चाहिए और यह तभी संभव है, जब कोई लोकप्रिय दल अपना जनाधार लगातार बढ़ाते रहे।

### बेहतरीन रणनीतिकार

हेमंत सोरेन इतने बेहतरीन रणनीतिकार हो चुके हैं कि उन्हें शिकस्त देना, विपक्ष के लिए फिलहाल तो संभव नहीं दिखता। हेमंत सोरेन लगातार झारखंड की बेहतरी के लिए योजनाओं पर मंथन कर रहे हैं। जन कल्याणकाली योजनाओं को वह लगातार धरातल पर उतार रहे हैं। उनकी लगभग हर योजना सफल भी हो रही है। उनकी मंईयां सम्मान योजना ने जिस तरह झारखंड के लोगों को जेएमएम के साथ जोड़ा, वह अकल्पनीय है। इस योजना ने हेमंत सोरेन को सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। कोई भी नेता जनता के लिए काम करेगा, उसका फल उसे मिलेगा ही। हेमंत सोरेन ने इस योजना को सफल बनाने के लिए बहुत प्रयास किया। उन्होंने हर वो प्रयास किया, जिससे झारखंड की महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें, सशक्त हो सकें।

### नये आइडियाज ही झारखंड को नये झारखंड की ओर ले जा सकेगा

झारखंड में बिजली बिल ग्रामीणों के लिए एक समस्या जैसी थी, लेकिन हेमंत सोरेन ने 200 यूनिट बिजली बिल फ्री कर उन्हें राहत पहुंचाया। यही नहीं उन्होंने पुराने बिजली बिल को माफ कर दिया। यह ग्रामीणों के लिए बहुत ही सार्थक प्रयास रहा। क्योंकि ज्यादा बिजली बिल बाकी होने के कारण ग्रामीण भयभीत रहते थे। उन्होंने लगता था कि कभी भी बिजली विभाग उन्हें जेल की हवा खिला सकता है। हेमंत सोरेन द्वारा लागू की गयी योजनाओं और उनकी सफलता से पता चलता है कि उनमें विजन की कोई कमी नहीं है। ये झारखंड के लिए अच्छा है। हेमंत सोरेन को हर पल नये आइडियाज पर विचार करने की जरूरत है। क्योंकि नये आइडियाज ही झारखंड को नये झारखंड की ओर ले जा सकेगा। जिस प्रकार से जेएमएम एक नया जेएमएम बन कर उभरा है, उसी प्रकार से हेमंत सोरेन को एक नये झारखंड की परिकल्पना करनी होगी। इसके लिए जरूरी है, जेएमएम का हर वर्ग में विस्तार। जेएमएम को अब एक नेशनल मंच की दरकार। जेएमएम आज उस मोड़ पर है, जहां से वह नेशनल मंच का सपना सफलतापूर्वक देख सकता है। वैसे भी विपक्ष के मंच पर हेमंत सोरेन ऐसे आदिवासी नेता हैं, जिनका सम्मान सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी और लालू यादव से लेकर वामपंथी नेता करते हैं। उन्होंने मंच पर बराबर का दर्जा दिया जाता है। यहां तक कि गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच भी हेमंत सोरेन की अपनी उक अलग पहचान है।

### जेएमएम का फैलाव हर वर्ग में जरूरी

कुल मिला कर जेएमएम का फैलाव हर वर्ग में इसलिए जरूरी है, क्योंकि वह सबको साथ लेकर चलना चाहता है। इस चुनाव में भी देखा गया कि जहां भाजपा और उसके सहयोगी दल लगातार मुसलिम समाज और खुद हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर राजनीतिक हमला ही नहीं, व्यक्तिगत हमला कर रहे थे, दूसरी तरफ हेमंत सोरेन सबको जोड़ने की बात कर रहे थे। एक बार भी उन्होंने चुनाव के दरम्यान किसी वर्ग विशेष की बात नहीं की। सबको साथ लेकर चला। इसका सकारात्मक परिणाम भी मिला। जिस जेएमएम को अमूमन आदिवासियों की पार्टी के रूप प्रचारित किया जा रहा था, उस जेएमएम ने कांग्रेस को साथ लेकर राज्य की 28 में 27 आदिवासी सीटें तो जीती हीं, गैर आदिवासी सीटों पर भी दोनों ने परचम लहराया और जेएमएम पिछली बार की तुलना में परफार्मेंस में और सुधार करते हुए 30 से 34 सीटों पर परचम लहरा दिया।

---

झारखंड सरकार के पशु चिकित्सकों को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत

## डीएसीपी का लाभ और सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 60 से 65 करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार में पशुपालन विभाग विभाग के पशु चिकित्सकों को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने झारखंड सरकार के एलोपैथिक चिकित्सकों की तरह पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को भी डायनामिक एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन (डीएसीपी) का लाभ और सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से 65 करने का आदेश दिया है।

### क्या है हाइकोर्ट का आदेश

हाइकोर्ट की एकल पीठ कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि चूंकी सैद्धांतिक तौर पर केंद्र सरकार के छठा वेतनमान को झारखंड सरकार ने अंगीकृत किया है, इसमें स्पष्ट उल्लेखित है कि केंद्र सरकार के कर्मियों की तरह झारखंड सरकार के कर्मियों को भी समतुल्य लाभ मिलेगा। केंद्रीय वेतनमान में पशु चिकित्सक एवं एलोपैथिक चिकित्सक को सर्विस बेनिफिट का बराबर लाभ देने की बात कही गयी है। इसलिए डीएसीपी एवं सेवानिवृत्ति उम्र सीमा 60 से 65 वर्ष का लाभ एलोपैथिक चिकित्सकों की भांति पशु चिकित्सकों को मिलना चाहिए। यह झारखंड सरकार सैद्धांतिक तौर पर मानती है इसलिए इसमें कोई विवाद नहीं है। ऐसे लाभ देने के लिए झारखंड सरकार को उचित नियम एवं प्रावधानों को बनाने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने 16 सप्ताह में प्रार्थियों (पशु चिकित्सक) को डीएसीपी और सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से 65 का लाभ देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रार्थियों की याचिका स्वीकृत कर ली।




### क्या था याचिका में

दरअसल, प्रार्थी झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग में वर्ष 1980 से पशु चिकित्सक के रूप में कार्यरत है। झारखंड गठन के बाद एलोपैथिक चिकित्सकों को डीएसीपी मिलना शुरू हुआ था। बाद में आयुष चिकित्सकों द्वारा कोर्ट में केस किये जाने के बाद उन्हें भी वर्ष 2009 से डीएसीपी का लाभ मिल रहा था। इसके अलावा कोर्ट में केस के बाद आयुष चिकित्सकों को एलोपैथिक चिकित्सकों की भांति उम्र सीमा 60 से 65 हुई थी। लेकिन झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को यह दोनों लाभ नहीं मिल रहे थे जिसे लेकर डॉ रतन कुमार दुबे सहित पांच अलग-अलग याचिकाएं हाइकोर्ट में दाखिल की गयी थी। जिस पर हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। प्रार्थियों को कहना था कि केंद्र सरकार के छठे वेतनमान के तहत डीएसीपी का लाभ पशु चिकित्सकों एवं एलोपैथिक चिकित्सकों को बराबर मिलना चाहिए। झारखंड सरकार ने छठा वेतनमान आने पर कहा था कि केंद्रीय कर्मियों की तरह झारखंड के कर्मियों को उसी के समतुल्य लाभ मिलेगा।

---

सीता ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

## कांग्रेस के छल और झूठ के जाल में आज मासूम आदिवासी फंसे हैं

वह दिन जरूर आयेगा जब यही आदिवासी आपको संथाल से हटा देंगे : सीता सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** भाजपा नेत्री स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता ने एक्स पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट का आधार उन्होंने एक वीडियो क्लिप बनाया है। जिसमें उनकी तीनों बेटियां दिखायी दे रही हैं। यह क्लिप मतगणना केंद्र पाथरचपड़ा पॉलिटेक्निक कालेज जामताड़ा परिसर के बाहर का बताया गया है। जहां इनकी बेटियों के साथ कांग्रेस के समर्थक हुटिंग करते दिखायी दे रहे हैं। इस पर सीता मुर्मू सोरेन ने अपनी लाडो को जहां शेरनी बताया है। वहीं कांग्रेस को संताल परगना से इन्हीं आदिवासियों के भरोसे उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। सीता सोरेन ने लिखा है कि जमीन पर जनता के लिए लड़ाई लड़ना आसान नहीं होता। इस चुनाव में, मैंने अपनी पूरी ताकत लगायी, लेकिन परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आया।

जब मैंने एक वीडियो देखा जिसमें मेरी बेटियां जयाश्री, राजश्री और विजयश्री सोरेन को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपमानित करते हुए देखा, तो मेरा दिल टूट गया। यह वही जमताड़ा है, जहां मेरे पति ने अपना खून-पसीना बहाकर जनता की सेवा की थी। लेकिन आज, उनकी बेटियों को अपमानित होते देख, यह सवाल उठता है कि क्या यही वह सम्मान



है जो जनता ने उनके त्याग और संघर्ष को दिया है? उन्होंने हर शब्द और हर अपमान का सामना शेरनियों की तरह किया, उन्होंने सिर ऊंचा करके अपनी मर्यादा बनाये रखी। मुझे गर्व है कि मेरी बेटियां दुर्गा सोरेन जी की तरह मजबूत और निडर हैं। उन्होंने यह दिखा दिया कि यह हार हमारी हिम्मत को कमजोर नहीं कर सकती।

यह हार एक सबक है, एक नयी शुरूआत है। यह मत भूलना मैंने इन्हें शेरनियों की तरह पाला है। अकेले रहते हुए एक हाथ से राजनीति की बागडोर संभाली और दूसरे हाथ से अपनी बेटियों की परवरिश की है। बस डर इस बात का है कि सुरक्षा होते हुए इन गीदड़ों में इतनी हिम्मत है तो बेसहारे गरीब महिलाओं बेटियां को क्या नहीं झेलना पड़ता होगा। कांग्रेस जहां भी है वहां महिलाएं असुरक्षित हैं। मासूम आदिवासी आपके छल और झूठ के जाल में फंसे हुए हैं, लेकिन वह दिन जरूर आयेगा जब यही आदिवासी आपको इस संथाली धरती से उठा फेंकेंगे।

---

## 3 दिसंबर से हरिद्वार में साहित्योदय का भव्य शिवायन साहित्य महोत्सव

- देशभर से जुटेंगे सैकड़ों साहित्यकार और कलाकार
- द्वादस ज्योर्तिलिंग को समर्पित बारह सत्रों में होगा काव्याभिषेक
- शिवशक्ति पर आधारित शिवायन महाकाव्य ग्रंथ समेत एक दर्जन पुस्तकों का होगा विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले आगामी 3 और 5 दिसंबर को तीन दिवसीय शिवायन अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें देश-विदेश के सैकड़ों साहित्यकार और कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन योगगुरू बाबा रामदेव करेंगे जबकि बतौर मुख्य अतिथि शाकंभरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हृदय शंकर सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र और आचार्य देवेंद्र कुमार देव करेंगे। इसके अलावे कई अन्य गणमान्य अतिथियों के आने की संभावना है। कार्यक्रम में शिवायन महाकाव्य, सत्य साधना, महक माटी की, लफ्ज मुसाफिर, अंगूठे की मौत, कथामाल्य, मन के अंगना में, दोहा दर्पण समेत कई पुस्तकों का विमोचन होगा। काव्याभिषेक में प्रख्यात कवि अजय अंजाम, बेबाक जौनपुरी, वीणा शर्मा सागर, सुनील साहिल समेत सैकड़ों लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार काव्यपाठ करेंगे।




मुख्य आयोजक साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने बताया कि राष्ट्रचेतना, भारतीय सभ्यता, साहित्य, संस्कृति और संस्कारों के पुनरुत्थान हेतु साहित्योदय अपनी स्थापना काल से ही कृतसंकल्प है। सनातन धर्मरक्षार्थ प्राचीन वेद ग्रंथों को सरल सहज काव्य रूप में जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाबा बैद्यनाथ धाम में काव्याभिषेक, अयोध्या में जन रामायण, वृंदावन में कृष्णायण के पश्चात अब हरिद्वार में शिवायन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जन रामायण और कृष्णायण कि भांति शिवायन भी स्वयं में अद्भुत और अनूठा महाकाव्य ग्रंथ बनकर तैयार हुआ है जिसमें देश-विदेश के 151 रचनाकारों ने शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों पर मौलिक काव्यसृजन किया है। शिवायन दो खंडों में प्रकाशित हो रही है। शिवायन सहित सारी पुस्तकें अमेजन, फ्लिपकार्ट समेत तमात ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहेंगी।

साहित्योदय नवोदित साहित्य प्रतिभाओं को वैश्विक मंच देने का काम कर रहा है और अबतक 3 हजार से अधिक लोगों को मंच प्रदान किया जा चुका है। दो हजार से अधिक ऑनलाइन आयोजन और दो दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। आयोजन को सफल बनाने में राकेश रमण, सुरेंद्र उपाध्याय, किशोरी भूषण, शोभा पाराशर, अर्चन झा, अनिल अग्रवाल, डॉ इंदु अग्रवाल, सुनील पराशर, सुशील झा, अनिता सोनी, हेमा आर्या, निशा अतुल्य, सीमा सिन्हा, डॉ रजनी शर्मा, डॉ प्रियंबदा मिश्रा, कीर्ति मेहता, मनोरमा सिंह, सुनीता बंसल, पद्मा प्रसाद, स्वाभिमान सिंह, नीता झा, संतोष झा समेत पूरा साहित्योदय परिवार जुटा हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 25.0 °c | 11.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.10 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in






नयी दिल्ली में मंगलवार को पीएम मोदी को गुलदस्ता भेंट करते झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



नयी दिल्ली में मंगलवार को प्रियंका गांधी को गुलदस्ता भेंट करतीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से कठिनाईयों का निवारण होगा, दिमागी समाधान निकालने में समर्थ होंगे।

**वृष** प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत होगा, सहयोगियों के साथ विकास का मार्ग मिलेगा।

**कर्क** सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे।

**सिंह** परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में बिगड़ा काम बनेगा, संतान संबंधी समस्याओं का समाधान करना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

**कन्या** परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**वृश्चिक** चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी,बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

**धनु** बौद्धिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।

**कुंभ** घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

**मीन** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

### कांग्रेस का संविधान रक्षक अभियान शुरू, प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

# भाजपा-आरएसएस मॉडल देश के लिए ठीक नहीं है

**कहा - आज संविधान विरोधी ताकतें संविधान की मूल भावना से एक दशक से खेलने का प्रयास कर रहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संविधान रक्षक अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में रांची (झारखंड) में भी 60 दिवसीय अभियान मंगलवार से प्रारंभ किया गया। इसकी शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर चौक, डोरंडा में की गयी। बाबा साहब की प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और अन्य ने माल्यार्पण किया तथा संविधान के प्रस्तावना का पाठ कर संविधान विरोधी ताकतों से संविधान तथा संविधान की मूल भावना के अनुसार देश हित की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज संविधान विरोधी ताकतें संविधान की मूल भावना से एक दशक से खेलने का प्रयास कर रही हैं। पर कांग्रेस का संघर्ष ऐसी ताकतों के विरुद्ध लगातार जारी है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए संविधान एक पवित्र ग्रंथ के समान है। इसके साथ छेड़छाड़ की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है। भारतीय नागरिकों के अधिकार और कर्तव्यों की व्याख्या पूर्ण रूपेण इसमें की गयी है। आज इसके ही प्रावधानों के कारण देश की एकता अखंड है। इसमें बदलाव की मंशा रखने वाली विचारधारा देश की एकता अखंडता के साथ खिलवाड़ करना चाहती हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसे बचाने के लिए संघर्ष के जिस रास्ते को अपनाना पड़ेगा, उसे हम अपनायेंगे। अभियान के दौरान संविधान के प्रावधानों के अनुरूप देश के वंचित तबके को उनका हक दिलाने की पहल की जायेगी। बताया जायेगा कि किस तरह भाजपा द्वारा गरीब विरोधी नीतियां और पूंजीवाद समर्थक रास्ते अपनाये जा रहे हैं। देश की अन्य जातियों को उनकी संख्या के अनुरूप हिस्सेदारी दिलाने के लिए जातिगत जनगणना के मूल उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाया जायेगा। अभियान का मूल उद्देश्य जनता के साथ भाजपा आरएसएस मॉडल की सच्चाई बताना है। औद्योगिक घरानों की समर्थक केंद्र सरकार की सच्चाई को भी सामने रखा जायेगा।



देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने के लिए किस तरह एजेंसियों का उपयोग करके विरोधी दलों को तोड़ा जा रहा है, उसे जनता के सामने लाया जायेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरीय कांग्रेस नेता अनादी ब्रह्म, पूर्व विधायक जेपी भाई पटेल के अलावा राकेश सिन्हा, रवींद्र सिंह, सतीश पॉल मुजनी, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, सोनाल शांति, विनय सिन्हा दीपू, अमूल्य नीरज खलखो, राजन वर्मा, अभिलाष साहू सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर कोषांगों का गठन, दिये गये निर्देश

### अधिकारी टीम समन्वय के साथ दिये गये कार्य पूरा करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम को लेकर बैठक की। कार्यक्रम के सफल और सुचारू रूप से आयोजन के लिए कोषांगों का गठन कर पदाधिकारी व सहयोगी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।





**सारी व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित हो :** डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सारी तैयारी सुनिश्चित रूप से करा लें, जिसमें चेक लिस्ट के अनुसार कार्य, पार्किंग व्यवस्था, एयरपोर्ट अरेंजमेंट के तहत इस समारोह में आने वाले अतिथिगण, विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे। उनके लिए सारी व्यवस्था जैसे-खान-पान, वाहन टैगिंग, गाड़ी में साइनेज, उनके आगमन व प्रस्थान का समय, रुट टैगिंग, प्रोटोकॉल ऑफिसर की तैनाती, जहां अतिथि रूक रहे हैं, वहां हेल्प डेस्क, कंट्रोल रूम, डायस प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम का, ट्रैफिक मैनेजमेंट व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था, समय से सुनिश्चित करने को कहा गया। डीसी ने विशेष रूप से कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी टीम समन्वय के साथ दिये गये कार्य करें, ताकि यह शपथ ग्रहण समारोह अच्छे से संपन्न हो जाये।

## शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**मुरी (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सिल्ली के मुरी ओपी क्षेत्र में निर्मल महतो की प्रतिमा के साथ छेड़ छाड़ करने वाले आरोपी को मुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया कि बूढ़ेश्वर महतो उर्फ बुचा महतो द्वारा झारखंड मोड़ पर बैठाये गये झारखंड के प्रतिष्ठित महापुरुष स्व निर्मल महतो की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गयी। साथ ही राजनीतिक पार्टी के झंडा के साथ अनैतिक कार्य किया गया जिससे क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक भावना को ठेस पहुंचने का प्रयास किया गया, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की प्रबल संभावना थी। पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त उपद्रवी को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया। पुलिस प्रशासन द्वारा बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति के द्वारा समाज एवं क्षेत्र के माहौल को बिगड़ने का प्रयास किया जाता है तो उस पर अविलंब कानूनी करवाई की जायेगी।**

# हेमंत सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के बेहतर इलाज का दिया निर्देश

**मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, रिम्स में हो रहा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके निर्देश के बाद उपायुक्त खूंटी ने बताया कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों की ओर से इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जायेगी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स रांची भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दी जा सके। मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है, चिकित्सकों के परामर्श पर उच्च स्तरीय इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जायेगी।

**क्या है मामला :** कार्यवाहक मुख्यमंत्री को जानकारी मिली थी कि सोमवार की रात में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा है। मामले की जानकारी के उपरांत कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने उपायुक्त खूंटी को मंगल मुंडा के बेहतर इलाज का निर्देश दिया। फिलहाल मंगल मुंडा की हालत स्थिर बनी हुई है।

### अर्जुन मुंडा ने भी की थी अपील

**गौरतलब है कि मंगल के बेहतर इलाज के मामले में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने भी राज्य सरकार से अपील की थी। कहा था कि रातभर मंगल को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ गया।**

### संविधान दिवस के अवसर पर उर्दू में पढ़ी गयी भारतीय संविधान की प्रस्तावना

# हमें अपने देश के संविधान पर नाज है : अमीन

**उर्दू शिक्षक संघ ने कहा- हमारा संविधान एक बेहतर और वृहत संविधान है, जिसपर सभी का यकीन है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर केंद्रीय कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के मौके पर झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि हमें अपने देश और संविधान के प्रति सच्चे दिल से मोहब्बत होनी चाहिए। हमारा संविधान एक बेहतर और वृहत संविधान है जिसकी प्रस्तावना रोजाना विद्यालयों में पढ़ी जाती है। आज आवश्यकता है हर भारतीय नागरिक को अपने देश के संविधान में प्रदत्त शक्तियों को समझने की। हम सभी को वाकई अपने संविधान पर नाज है। संविधान दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद,



विशिष्ट अथिति के तौर पर डॉ वकील अहमद रिजवी सहित नाज़िम अशरफ, मकसूद जफर हादी, राकिम अहसन, मो फखरूद्दीन, शहजाद अनवर, मो इस्माइल, मोशाहिदा अंजुम, आयरा नसीम, तलत फातमा, मुसर्रत जहां, नवाज़िश रजा, साकिर करीम, अब्दुल बारिक, आबदा तबस्सुम, सिबतैन रिजवी, शबीना नाज, तरन्नूम परवीन, निकहत बानो, आसमा खातून, उजमा निशात, जरीना खातून मुख्यरूप से शामिल थे।

### आर्यभट्ट सभागार में संगोष्ठी सह प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आयोजित

# भारतीय संविधान के बारे में जानना सभी के लिए आवश्यक : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को संगोष्ठी सह प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान के बारे जानना और आस्था रखना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में 395 अनुच्छेद, 25 भाग, 12 अनुसूचियां हैं एवं एक लाख पैतालीस हजार शब्द हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हस्तलिखित है। इसमें संप्रभुता, समाजवाद, लोकनिर्पेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र आदि उद्देश्य शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के स्वयंसवकों से भारतीय संविधान का स्वयं अध्ययन करने और दूसरों को भी इससे अवगत कराने की अपील की। कुलपति ने उपस्थित प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का शपथ कराया ।



इस अवसर पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को डॉ बीके सिन्हा, डॉ आनंद कुमार ठाकुर, डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ सीमा केशरी, एनएसएस के टीम लीडर्स आस्था दीप, श्रेयसी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के टीम लीडर अतुल कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया।

## पुलिस मुख्यालय में संविधान प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**रांची (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीजीपी अजय कुमार द्वारा उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को भारतीय संविधान की शपथ दिलायी गयी। इस शपथ ग्रहण के अवसर पर डीजीपी अजय कुमार के अलावा, डीजी आरके मलिक, एडीजी संजय आनंदराव लाठकर, एडीजी सुमन गुप्ता, आइजी अमोल वेणुकांत होमकर, आइजी प्रभात कुमार, आइजी पंकज कंबोज समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।**

# परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया सवाल उठाना गलत : राजेंद्र प्रसाद

**जातीय जनगणना भी होना चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना संवैधानिक प्रक्रिया है। इसमें कोई राजनीतिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिना किसी का नाम लिये कहा कि कुछ नेता परिसीमन को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं जो कहीं से भी सही नहीं है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग मूलवासी के नाम पर घड़ियाल आंसू बहाते हैं। मूलवासी की बात करने वालों से सवाल किया, कि मूलवासी कौन है? प्रसाद ने कहा कि मूलवासी को ही सदान कहा जाता है। जिनकी आबादी 65%है, सिर्फ लोग मूलवासी सदानों की बात कर सदानों की भावनाओं से खिलवाड़ करने का काम करते हैं। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि जब 112 प्रखंडों के तमाम पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष के पद को आरक्षित कर दिया गया उसमें ऐसे भी कुछ पंचायत थीं जहां जनजातियों की एक भी संख्या नहीं थी, जिसके कारण उन पंचायतों में चुनाव नहीं हो सका था। प्रसाद ने कहा जब ओबीसी के आरक्षण को 27 से 14 प्रतिशत किया गया, 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य किया गया, उस समय मूलवासी की बात करने वाले नेता कुछ नहीं बोले।



प्रसाद ने कहा कि झारखंड में सहिया-सदान की संस्कृति रही है, लेकिन कुछ लोगों को इसके बारे में कुछ जानकारी नहीं है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2026 में परिसीमन होने और विधानसभा की सीट बढ़ाने से मूलवासी सदानों को भी राजनीतिक अधिकार मिलने की उम्मीद है। प्रसाद ने कहा जातीय जनगणना से देश के लोगों को सही जानकारी मिलेगी।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र की भूमि प्रतिवेदन 4 किमी दूर देने से ग्रामीणों में रोष



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हिरोडीह स्वास्थ्य उपकेंद्र का नये भवन निर्माण का स्थल राजनीतिक दबाव के कारण सीओ सरांश जैन ने स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित स्थल से लगभग 4 किमी दूरी पर भूमि प्रतिवेदन जिला प्रशासन को देने से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने सीओ सरांश जैन पर राजनीतिक दबाव के कारण स्थल परिवर्तन करने का आरोप लगाया है। सीओ द्वारा चयण किये गये स्थल पर स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण होने पर लोगों को नहीं मिलेगा, स्वास्थ्य लाभ आवागमन की व्यवस्था नहीं है। बता दें कि पहले स्वास्थ्य उपकेंद्र का हिरोडीह पंचायत भवन के बगल में चल रहा है। इस केंद्र का निर्माण एकीकृत बिहार सरकार के द्वारा उपयुक्त स्थल और जनहित को देखते हुए भवन का निर्माण वर्ष 1967 में हुआ था। तब से अब तक केंद्र का संचालन उसी स्थान पर चल रहा है। 1967 में बने भवन जर्जर होने पर वर्ष 1999, 2000 में पंचायत विभाग के 15 प्रतिशत योजना के तहत लगभग 3 लाख के लागत से नये स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण पूर्व भवन के बगल किया गया। इसी परिसर में हिरोडीह पंचायत भवन, तहसील कचहरी और स्कूल भी संचालित है। इस स्थान पर पर्याप्त भूमि होने के बावजूद सीओ सरांश जैन ने स्थल बदलकर दूसरे जगह स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का भूमि प्रतिवेदन जिला प्रशासन को भेजा है। ग्रामीणों ने डीसी, डीडीसी और चिकित्सा पदाधिकारी से वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कराने की मांग की है।

## प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे वित्तीय समावेश, ऋण और बीमा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 15.01.2025 तक मरकच्चो प्रखंड के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन कर जन सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश प्राप्त है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो द्वारा सभी शाखा प्रबंधक बीसी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक निवाश कुमार, सभी बैंक शाखा प्रबंधक, बीपीएम जेएसएलपीएस नंदकिशोर प्रसाद, आकांक्षी प्रखंड मित्र अंकित कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक उद्योग लेखराज कुमार, अरविंद कुमार और संतोष कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## ठंड से सर्दी, खांसी, बुखार और सिर दर्द के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में लगातार गिरते तापमान से ठंड के इस मौसम में मौसमी बीमारी में बढ़ोतरी हुई है। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार और सिर दर्द के मरीज शामिल हैं। ऐसे मरीजों का सदर हॉस्पिटल में भारी इजाफा हुआ है। इस तरह के मरीज बडी संख्या में सदर हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इलाज कराने पहुंचे मरीजों 50 फीसदी इसी तरह के मरीज है। मंगलवार को 1 बजे तक ओपीडी में 60 मरीजों को डॉक्टर द्वारा देखा गया, जिसमें 20 मरीजों में इसी तरह की बीमारियां मिली। मरीजों का इलाज कर रहे डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि इन दिनों बढती ठंड के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और माथा दर्द के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुआ है। उन्होंने बताया कि ठंड में सबों को इससे बचने खासकर बुजुर्ग और बच्चों को बचने की जरूरत है। सुबह शाम गर्म वस्त्र जरूर पहनें। फल खाएं, लेकिन जूस, दही, केला समेत ठंड पेय से परहेज करें। सुपाच्य भोजन लें और तैलीय खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं करें। उन्होंने कहा कि जिनका 10 दिनों से अधिक खांसी है, उनका बलगम जांच कराने की सलाह दी जा रही है।

## आदर्श इंटर कॉलेज में कार्यशाला



**इचाक (आजाद सिपाही)।** आदर्श इंटर कॉलेज इचाक में महिला मुक्ति संस्था के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत बाल विवाह और जबरन विवाह पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मुक्ति संस्था हजारीबाग के कार्यकर्ता डोली खातून, शांता सांगा, काजल कुमारी और प्रियंका कुमारी की विशेष भूमिका रही। बच्चों को बाल विवाह एक अभिशाप और जबरन विवाह के बारे में विशेष जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य मनीष कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में जागरूकता उत्पन्न होती है और समाज में एक नई संदेश जाती है। विवाह के लिये लड़कों की उम्र 21 वर्ष और लडकियो की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। बाल विवाह एक अभिशाप है। प्रो मनोज कुमार ने कहा कि बाल विवाह और जबरन विवाह के बारे में विशेष रूप से जानकारी दिए और दहेज प्रथा के बारे में भी विशेष जानकारी दिये। सचिव जीवन कुमार ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम होने से समाज में जागरूकता उत्पन्न होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर मुन्ना पांडे, ओंकार मेहता, युगेश कुमार, वासुदेव पांडे, कुमारी अंजली, राजेश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद मेहता, सी के राना, खुर्शीद आलम, सुलेखा कुमारी, सुरेंद्र शर्मा, आलोक कुमार आदि का योगदान रहा।


## संविधान दिवस पर कैंपियन बेसिक एकेडमी में कार्यक्रम



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में संविधान दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव बीरबल प्रसाद और प्रबंधक गणेश शंकर मदन के द्वारा किया। मौके पर उपस्थित बीरबल प्रसाद ने कहा भारत का संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों का पोषण करने वाला। संविधान के कारण ही समाज के अंतिम व्यक्ति भी अपने आप को सशक्त महसूस करता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**मृतक की पहचान मुकेश मिस्त्री (उम्र लगभग 28 वर्ष, पिता इंद्रदेव मिस्त्री, मसकेडीह हजारीबाग) के रूप में हुई**




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा में बीती रात जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के पेठियाबागी कटलाही नदी पुल पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे पुल के आसपास रहने वाले लोगों को किसी चीज की टक्कर होने की आवाज सुनाई दी। जब लोग बाहर निकले तो देखा कि एक युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। ग्रामीणों की मदद से और 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को सदर अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया परंतु अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान मुकेश मिस्त्री (उम्र लगभग 28 वर्ष, पिता इंद्रदेव मिस्त्री, मसकेडीह हजारीबाग) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और बाइक को जप्त कर थाने ले गयी। इधर सदर अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की समस्याएं सुनी

**विधायक ने सभी का आभार व्यक्त किया और जनता के भरोसे को बनाये रखने का वादा किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय में जनता और समर्थकों से मुलाकात की। गुरुवार को कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता नजर आया वहीं दूसरी और समस्याओं को लेकर आने वालों का तांता लगा रहा है। इस ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक ने सभी का आभार व्यक्त किया और जनता के भरोसे को बनाये रखने का वादा किया। कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता की है, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। कहा कि क्षेत्र की सड़कें, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में तत्काल सुधार किया जायेगा। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों से संपर्क किया और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के किसान, मजदूर और युवाओं के हित में योजनाओं को तेजी से लागू किया जायेगा। श्री प्रसाद ने जनता से आग्रह किया है कि मेरा कार्यालय केवल मेरा नहीं, यह क्षेत्र की जनता का कार्यालय है। कोई भी अपनी समस्या या सुझाव लेकर मुझसे मिलने बेझिझक आ सकता है। मैं हर समस्या को गंभीरता से सुनूंगा और उसका समाधान करूंगा।

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह ने अपने सिकरी परिसर में संविधान दिवस का आयोजन एक अर्थपूर्ण और संलग्न कार्यक्रम के साथ किया। जिससे भारत के संविधान और इसके मूल्यों के महत्व को पुनः प्रतिष्ठित किया गया। इस कार्यक्रम में जीएम इन्फ्रा एनएमएल पकरी बरवाडीह ने विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी और सभी से देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया। उत्सव के अंतर्गत संविधान पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से कर्मचारियों ने उत्साही भागीदारी की। सहायक प्रबंधक माइनिंग अभिषेक पांडे ने पहले स्थान पर रहे। जबकि श्री रमन, उप प्रबंधक ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और मृणाल आनंद, इटी, ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को संजय कुमार दुबे द्वारा सम्मानित किया गया।

## नमो फूटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में पंचायत स्तरीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी भी शामिल हुए और टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर खिलाडियों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की खेल से शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है साथ ही प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागती है। ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को बाहर लाने में काफी मदद मिलती है, आगे कहा की कोई टीम जीतेगी तो कोई हारेगी लेकिन टीम भावना महत्वपूर्ण है इस टूर्नामेंट में केरेडारी प्रखंड के सभी 16 पंचायतों से कुल 16 टाइम भाग ले रही है। टूर्नामेंट की विजेता और उपविजेता टीमो कप कप और नकद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

# विधायक रोशनलाल चौधरी ने केरेडारी के मतदाताओं का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने केरेडारी में आभार यात्रा निकाल कर केरेडारी के मतदाताओं का आभार जताया है। यह आभार यात्रा केरेडारी के राम जानकी मंदिर से शुरू होकर कराली, केमो, घुटु, जोको, सलगा, सायल, पेटो, जोरदाग, चट्टी बरियातू, बाले देवरी, पांडु, तरहेसा, बसरिया, बेंगवरि सहित दर्जनों गांवों में पहुंची और लोगों के प्रति आभार जताया है। इस दौरान लोगों का आभार व्यक्त करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा में केरेडारी प्रखंड क्षेत्र की जनता ने हमें सर्वोपरि सबसे ज्यादा मत का अंतर से विजई बनाने का काम किया है उसे हम कभी भूल नहीं सकता हूं। यहां के लोगों ने जिस आशा और उम्मीद के साथ मुझे इतना भारी मत से विजय बनाने का काम किया है उसे मैं किसी रूप से चूकता नहीं कर सकता हूं परंतु इस ऋण को मैं अपने विकास कार्यों से चूकता करने का प्रयास करूंगा। इस आभार यात्रा में मुख्य रूप से केरेडारी भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष कर्मचारी साव, बद्रीनारायण सिंह, प्रीतम साहू, अमित प्रसाद गुप्ता, महेंद्र सिंह, दीपक कुमार दीन्हा, नारायण यादव, मनोहर साव, उत्तम राम, पंकज सिंह, सत्यनारायण तिवारी, नरेश महतो और बालेश्वर चौधरी सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

## हजारीबाग में त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य और पत्रकारिता सम्मान समारोह आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य और पत्रकारिता सम्मान समारोह 2024 आज डीवीसी सभागार में आयोजित किया जायेगा। इसमे सम्मानपूर्वक मैथिली भाषा में योगदान के लिए व्यंग्यकार लेखक राजकुमार मिश्र, हिंदी के लिए साहित्यकार टीपी पोद्दार, खोरठा के लिए साहित्यकार और पर्यावरणविद् सुरेंद्र प्रसाद सिंह और पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सहदेव प्रसाद लोहानी को यह यह सम्मान दिया जायेगा। वहीं एसकेएवी स्कूल की छात्रा साना परवीन को प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

## सहायक आध्यापक के निधन पर शोक



**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड स्थित उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय पदमा चट्टी में कार्यरत सहायक अध्यापक राजकुमार पांडेय का मंगलवार सुबह तड़के 3:30 बजे निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से प्रखंड के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गयी। प्रखंड के कई शिक्षक भाग-भागे उनके घर पहुंचे और उनके परिवार जनों को सांत्वना दिया। कन्या विद्यालय में सभी शिक्षकों और बच्चों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

# सीटू और किसान सभा ने धरना-प्रदर्शन कर मनाया देशव्यापी विरोध दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** किसानों के साथ वादा खिलाफी और मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड को वापस नहीं लिए जाने के खिलाफ और देश के मेहनतकशों की अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी आह्वान पर जिला समाहरणालय पर सीटू और किसान सभा ने धरना-प्रदर्शन आयोजित कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित 12 सूत्री मांग पत्र भेजा गया। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 26 नवंबर को जन लामबंदी के माध्यम से विरोध दिवस के रूप में मनाने के लिए, इस लिये चुना गया है कि यह वह दिन है जब 2020 में ट्रेड यूनियनों ने मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी और किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ संसद की ओर अपना ऐतिहासिक मार्च शुरू किया था और लाखों किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया। जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गये। झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि लगातार चली आ रही एनडीए की इस तीसरी सरकार की नीतियों से भारत के मेहनतकश लोगों को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है, इनका उद्देश्य कॉरपोरेट और अति अमीरों को और मजबूत करना है। सभा को सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, किसान सभा के जिला सह संयोजक परमेश्वर यादव, ग्यास-उद्दीन अंसारी, कर्मचारी नेता फेकुलाल विद्यार्थी, पंसस सविता देवी, नागेश्वर दास आदि ने संबोधित किया। धरना में भीखारी तुरी, राजेन्द्र पासवान, अनीता देवी, रामस्वरूप रजवार, सरयू दास, ज्योति कुमार, सुभाष तुरी, वासुदेव साव, विजय सिंह, कारू सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## संत कोलंबस कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संत कोलंबा महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड विभाग में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ विमल रेवेन उपस्थित हुए। डॉ अतुल्य हेरेंज प्रभारी विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। इस संविधान दिवस के अवसर पर मंच संचालन अंबेडकरवादी डॉ अंबेडकर भागवत ने किया। इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे डॉ अर्चना सिंहा, डॉ राबिया खातून, प्रो धीरज कुमार गुप्ता, प्रमिला भेंगरा, के साथ-साथ सत्र 2023/25 के बीएड विभाग के सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में रश्मी कुमारी, प्रियांशु कुमार, आदर्श कुमार, राजेश कुमार सिंह, सत्यम कुमार, दीपक कुमार पासवान ने बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर को याद किया।

## बड़कागांव में मनाया गया संविधान दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस मनाया गया। बड़कागांव में संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदमकद प्रतिमा में रामेश्वर राम की अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। मौके पर अतिथि ग्रुप में पीएम श्री मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार रविदास महासभा के नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, रामवृक्ष राम जयप्रकाश राम नरेंद्र कुमार राम, आदर्श मध्य विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, राजू राम, अविनाश कुमार ने माल्यार्पण किया। संविधान दिवस के मौके पर संकल्प दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ा संविधान भारत का संविधान है। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार राम, रघुनाथ राम, रामवृक्ष राम, देवनारायण राम, महेश राम, प्रकाश राम, आदर्श मध्य विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, छुन्नू राम, सुकेश कुमार, नरेंद्र कुमार राम, रामवंद्र राम, संजय कुमार रवि, अजीत कुमार रवि, आकाश कुमार, चंदन गुरु, रवि कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, अशोक कुमार अविनाश, उदित कुमार, पवन कुमार, धर्मेंद्र राम, रोजगार सेवक शंभू रविदास, अविनाश कुमार आदि शामिल थे। इसके अलावा मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल, संत माइलस्टोन स्कूल, द सेंट्रल पब्लिक स्कूल, बी.एम मेमोरियल स्कूल आदि स्कूलों में मनाया गया।

## बीएड कॉलेज में मना संविधान दिवस



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि जिस प्रकार जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता होती है, वैसे हीं हमारा संविधान हमें देश और राज्य को विधिपूर्वक चलाने और नागरिकों को मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य के अनुरूप चलने की शिक्षा देता है। संविधान दिवस के अवसर पर प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। मौके पर सहायक प्राध्यापक बबली, ओमकारनाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अद्दश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कु० दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, शिल्पा मिश्रा, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद , नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में मना सविंधान दिवस



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गयी। डिवाइन पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल स्वाति रंजन और शिक्षकों ने डॉ भीमराव अंबेडकर और गांधी जी की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान स्कूल के निदेशक डॉ आई पी भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में दिये गये सभी अधिकार और कर्तव्य आम नागरिक के सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाये गये हैं। संविधान के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज और देश का उत्थान कर सकता है। कार्यक्रम में संविधान के प्रति बच्चों में जागरूकता पैदा करने, भारतीय संविधान के महत्व और मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करने में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रर्म में स्कूल के शिक्षक उत्तम कुमार, छात्र आर्या कुमारी और आयुष ने भाषण प्रस्तुत किया और अंजलि कुमारी ने कविता का पाठन किया। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के सम्मान की शपथ ली।

## मरकच्चो में मनाया गया संविधान दिवस



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, पीएलभी महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा, मुकेश राम के नेतृत्व में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कहा कि भारतीय संविधान हमारी सभ्यता और संस्कृतियों का समागम है। सभी के लिए समान नागरिकता और स्वतंत्रता की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने मौजूद लोगों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलायी। इस मौके पर नागेश्वर राम, सियाराम सिंह, अरविंद कुमार, रूपलाल यादव, कमल कुमार, इस्तेखार अंसारी, दीपक कुमार समेत प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## अमृत सरोवरों पर मना 75वां संविधान दिवस

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला अंतर्गत नव निर्मित सभी अमृत सरोवरों पर 26 नवंबर 2024 को 75वें संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान के उद्देशिका, प्रस्तावना को पढ़ा गया, शपथ लिया गया और संविधान को सर्वोपरि बनाये रखने, एकता और अखंडता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कई अन्य कार्यक्रम, खेल कूद, चर्चा परिचर्चा, और स्पर्धा का आयोजन किया गया। चर्चा परिचर्चा के दौरान विश्व के सबसे बड़े और लिखित संविधान के निर्माताओं को याद किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर पंचायतों के आम ग्रामीण जनता, गणमान्य, बुद्धिजीवी, सेवा निवृत फौजी, सामाजिक कार्यकर्ता और सरकारी कर्मी और पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 27 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in
05

## आरएच पब्लिक स्कूल में मना संविधान दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। बूढ़ाखाप फोरलेन स्थित आरएच पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक संतोष कुमार महतो, प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा, चेयरपर्सन प्रीति कुमारी ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि दी। मौके पर निदेशक संतोष महतो ने कहा कि संविधान की जानकारी प्रत्येक देशवासियों को होना जरूरी है। कहा कि भारत में 26 नवंबर के दिन राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि सन 1949 में पहली बार भारतीय संविधान मनाया गया। जो देश का प्रतीक है। वहीं, चेयरपर्सन प्रीति कुमारी व शिक्षक कोलेश्वर महतो ने लोगो से संविधान का सम्मान करने की अपील की। इधर, छात्र विवेक कुमार महतो ने संविधान शपथ दिलाया। मौके पर शिक्षक शिव प्रसाद, घनश्याम कुमार महतो, विकास कुमार महतो, कृष्ण कुणाल, विकास कुमार, देवंती कुमारी, कविता कुमारी, पविता कुमारी, रेखा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, संगीता कुमारी, अंजू कुमारी, ममता कुमारी समेत कई विद्यार्थी शामिल रहे।

## भुरकुंडा में मना संविधान दिवस



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किया। इसकी शुरुआत भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और आमजनों ने संविधान के प्रति कर्तव्य और निष्ठा के पालन का सामूहिक संकल्प भी लिया। मौके पर मुखिया अजय पासवान, पंचायत सचिव सावित्री कुमारी, उप मुखिया संजीत राम, वार्ड सदस्य किरण तिवारी, आशा देवी, सुनीता देवी, रौशन पासवान, लाली करमाली, उमेश नायक, संतू मुंडा, अरविंद तिवारी, विजय पासवान, उदय सिंह आदि उपस्थित थे।

## पतरातू में मनाया गया संविधान दिवस



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर संविधान के प्रस्तावना की शपथ ली गयी। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। इसमें बीडीओ मनोज गुप्ता, सीओ मनोज चौरसिया, बीएचओ डॉ अशोक कुमार, एसएस उच्च विद्यालय के प्राचार्य रबिंद्र रविदास आदि शामिल थे। शपथ में संविधान की पूरी प्रस्तावना पढ़कर शपथ लिया गया। मौके पर दर्जनों अन्य कर्मचारी व सैकड़ों स्कूली बच्चे शामिल थे।

## संविधान दिवस पर कर्मियों ने लिया अनुपालन का संकल्प



चतरा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय और सभी प्रखंड मुख्यालयों के वरीय पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा संविधान के अनुपालन का शपथ लिया गया। समाहरणालय परिसर चतरा में उपायुक्त रमेश घोलप और जिले के वरीय पदाधिकारियों/ कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों ने संविधान द्वारा दिये अधिकारों और दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम उपायुक्त रमेश घोलप और जिले के वरीय अधिकारियों कर्मियों द्वारा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत समाहरणालय समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## सम्मान के साथ मनाया गया संविधान दिवस



चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सम्मान के साथ संविधान दिवस मनाया गया। प्रातः कालीन सभा में विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार चौबे ने संविधान के बारे में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है और भारत में जो शासन व्यवस्था है वह संविधान के द्वारा चलायी जाती है। इस अवसर पर विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया विद्यालय को सुचारू रूप चलने से के लिए बच्चों के बीच विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी दी गयी और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह संवैधानिक रूप से अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और प्रार्थना सभा में ही सभी बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना के महत्व को समझा और उसे दोहराया।

## राम नारायण मेमोरियल कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया



हंटरगंज / चतरा(आजाद सिपाही)। स्थानीय राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में एनएसएस के बैनर तले संविधान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के थीम पर आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विभाग की प्रोफेसर कुमारी मंजू सिंह और संचालन एनएसएस पीओ डॉ० फहीम अहमद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एन एसएस के लक्ष्य गीत से भूगोल विभाग की प्रोफेसर पूजा सिंह, सुहानी कुमारी, दया श्री ने संयुक्त रूप गा कर किया। साथ ही साथ संविधान की प्रस्तावना पढ़ा कर शपथ दिलाया गया। अध्यक्षीय भाषण में कुमारी मंजू सिंह ने संविधान के प्रस्तावना संविधान सभा, संविधान सभा की कमिटी और संविधान तैयार किये जाने में लोगों की महती भूमिका पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो फखरुद्दीन अंसारी ने भी अपने मंतव्य रखे, वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की कुमार माधुरी कुमारी राकेश कुमार यादव, मो साजिद अखिलेश यादव के अतिरिक्त दर्जनों छात्र छात्राओं ने महती भूमिक निभायी।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, तीन घायल

**घटना रामगढ़ बोकारो पथ झिंझरी टांड़ की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग झिंझरी टांड़ के समीप मंगलवार दोपहर को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसपर सवार रांची जिले के सिल्ली थाना अंतर्गत छत्तरटांड़ गांव निवासी जानो देवी उम्र 50 वर्ष पति रामनाथ करमाली की मौत घटना स्थल में हो गयी। वहीं बोकारो जिले के बांध कथारा निवासी तिलासो देवी, कसमार थाना क्षेत्र के रानी टांड़ गांव निवासी निरु देवी और रजरप्पा थाना क्षेत्र के उरबा गांव निवासी बालो देवी पति मोहरलाल महतो गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एन एच आई के 1033 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया गया कि सभी महिलाएं गोला डीवीसी चौक में ऑटो पर सवार होकर अपने अपने रिस्तेदारों के यहां जा रहीं थीं। इस बीच घटना घटी। बताया गया कि मृतक जानो देवी पेटरवार थाना क्षेत्र के चरगी गांव अपने बहन के घर जा रही थी। वहीं घायल तिलासो देवी अपने मायके पुरबडीह से अपने ससुराल बांध कथारा जा रही थी। निरु देवी अपने घर रानी टांड़ जा रही थी। वहीं बालो देवी अपने घर उरबा से बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत भवानी पुर गांव बेटी के घर जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया।

**महिला की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल:** घटना के बाद मृतक और सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गयी। सूचना पर पहुंचे सभी परिजनों ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले गये। मृतक की पुत्री सुलेखा देवी की शादी गोला प्रखंड क्षेत्र के हुप्पू में ही हुई है। वो भी सूचना पाकर अस्पताल में पहुंची और दहाड़े मार मारकर रोने लगी।

## सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी- बड़कागांव रोड़ चोर मोड़ के समीप मंगलवार को बारह चक्का ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला समेत दो पुरुष को मारी टक्कर। तीनों लोग हुए घायल। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार भुरकुंडा मस्जिद कालोनी निवासी मोहम्मद शमीम उम्र 40 वर्ष पिता मोहम्मद जाफर, नयन तारा पति मोहम्मद शमीम और आफताब मंसूरी उम्र 30 वर्ष पिता स्व सफीक मंसूरी अपने स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर बड़कागांव की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से उरीमारी की ओर आ रहें बारह चक्का ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार लोगों को धक्का मारा जिससे तीनों लोग बाल- बाल बचे और गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले की सुचना मिलने पर उरीमारी ओपी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच तीनों घायलों को उचित इलाज के लिए भुरकुंडा अस्पताल भेजवाया और दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आया।

## कार्यालय-निर्वाचन पदाधिकारी
## एजी० ऑफिस ईमप्लाईज को-ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन सोसाइटी लि०, कडरू, राँची

**संशोधित सामान्य सूचना**

एजी० ऑफिस ईम्प्लाईज को-ऑपरेटिव हाउस कन्सट्रक्शन सोसाईटी लि०, कडरू, राँची के आम मतदाता / सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति से प्राप्त मतदाता सूची आम मतदाताओं के अवलोकनार्थ समिति मुख्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर **दिनांक-20.11.2024** को पूर्व में ही प्रदर्शित कर दिया गया है। विभिन्न प्रकार के परिवाद एवं संभावित आपत्तियों के प्राप्त होने को मद्दे नजर रखते हुए दावा आपत्ति देने, प्राप्त दावा आपत्ति का निष्पादन एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन कार्यक्रम निम्न प्रकार से संशोधित कार्यक्रम प्रकाशित किया जाता है। जिन सदस्यों का नाम प्रदर्शित मतदाता सूची में शामिल नहीं हो अथवा उसमें कोई त्रुटि हो तो अधोलिखित-अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार सक्षम प्रमाणक के साथ दावा-आपत्ति अवश्य दें, अन्यथा निर्धारित समय के पश्चात् उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अधिसूचित कार्यक्रम**

| क्रमांक | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दावा-आपत्ति देने | 27.11.2024 से 28.11.2024 तक | 10:00 AM से 05:00 PM तक | समिति मुख्यालय |
| 2. | प्राप्त दावा आपत्ति का निष्पादन | 29.11.2024 | 10:00 AM से निष्पादन होने तक | तथैव |
| 3. | अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 30.11.2024 | 10:00 AM | तथैव |

नोट :- प्रदर्शित मतदाता सूची की एक प्रति कार्यक्रम अवधि में समिति के कार्यालय में आम मतदाताओं / सदस्यों के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी।

ह०/-
निर्वाचन पदाधिकारी

## चौकीदार के निधन शोक



गोला (आजाद सिपाही)। गोला थाना में पदस्थापित चौकीदार ग्रामीण पुलिस खिरोधर नायक 50 वर्ष का निधन अपने आवास कुस्टेगढ़ा में मंगलवार को हो गया। वे काफी समय से लंबे बीमारी से जूझ रहे थे। निधन की खबर के बाद पूरे क्षेत्र में अशोक की लहर दौड़ गयी। फिर उधर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। स्थानीय घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। निधन पर समाज के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इधर गोला थाना परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

# रामपुर की दर्जनों महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से वंचित, प्रखंड कार्यालय में की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**प्रतापपुर/ चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत की दर्जनों महिलाएं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से वंचित हैं। इस मामले को लेकर मंगलवार को 3:00 बजे प्रखंड कार्यालय में महिलाओं ने अपनी शिकायत दर्ज की । काजल देवी, गुलाबी देवी, राजकुमारी देवी सविना खातून सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि पंचायत सेवक की लापरवाही के कारण वे इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। महिलाओं का कहना है कि उनके आवेदन फॉर्म पंचायत सेवक के लौगिंग में पेंडिंग है। जिसके कारण अभी तक आवश्यक कार्रवाई नहीं हो पायी है। इस संदर्भ में रामपुर पंचायत के पंचायत सेवक यदुनंदन सिंह ने बताया कि ऑपरेटर को सभी आवेदन फॉर्म को लॉगिंग से मुक्त करने के निर्देश दिये गये हैं। जल्द ही महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलने लगेगा। ज्ञात हो कि यह योजना झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गयी है और इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाओं को उनकी मेहनत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। लेकिन यहां पंचायत सेवक और ऑपरेटर के लापरवाही के कारण इन महिलाओं को अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिला है। इस मौके पर काजल देवी, गुलवी देवी, राजकुमारी देवी, सहोद देवी, सविना खातून, रकीब प्रवीण, गुजन खातून, माणिक कुमारी, ललिता देवी, मलती देवी, रिंकू देवी, जिरवा देवी साथ-साथ दर्जनों महिला सामिल थीं।

# नवादा गांव मलेरिया की चपेट में, शिविर लगाकर किया गया स्वास्थ्य की जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुंदा/चतरा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा विद्यालय परिसर में शिविर लगाकर 41 लोगों को मलेरिया जॉच किया गया और दवा वितरण किया गया। ज्ञात हो कि इन दिनों नवादा गांव मलेरिया बीमारी की चपेट में हैं। गांव के कई लोग इस बीमारी से ग्रसित है। जिसकी सूचना नवादा पंचायत के मुखिया भरत यादव द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दिया गया। जिसके बाद सिविल सर्जन दिनेश कुमार स्वयं नवादा गांव में मलेरिया मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने पहुंचे। मलेरिया से बचाव के लिए गांव में मशीन द्वारा दवा का छिड़काव किया गया। चिकित्सा प्रभारी संजीव कुमार ने समेत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा गांव में घूम घूम कर ग्रामीणों को मलेरिया बीमारी के बारे और जानकारी दी गयी। साथ ही इससे बचाव के तरीके बताये गये। लोगों से आसपास गंदगी नहीं रखने, गड्ढा में पानी जमाव नही होने देने की अपील किया गया। जिससे मच्छरों को बढ़ने से रोका जा सकता है। संजीव कुमार ने बताया की नवादा गांव में मलेरिया मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार है। इस मौके पर अशीष गुड्डू, सुबोध कुमार, दिनेश कुमार, राधा देवी, सहिया कौशल्या देवी सहित अनेकों स्वास्थ्य विभाग के टीम मौजूद थे।

# गोविंद बेदिया ने मतदाताओं का जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकाकाना।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार गोविंद बेदिया ने प्रेस बयान जारी कर विगत विधानसभा चुनाव परिणाम में मतदाताओं द्वारा दिये गये आशीर्वाद के प्रति आभार प्रकट किया है। श्री बेदिया ने कहा है कि पिछले पच्चीस वर्षों से बड़कागांव की जनता के जनहित मुद्दो पर काम करते आ रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विजई प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी को शुभकामनाएं संदेश देते हुए कहा है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए विकास कार्य तीव्र गति से संपन्न कराये।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना का पाठ पढ़ा गया



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। झालसा रांची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के सचिव के मार्गदर्शन में हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर अधिकार मित्र कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा संविधान का पाठ करवाकर संविधान प्रदत अधिकारों 'कर्तव्यों और सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन, नये कानून सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गयी। इसके अलावा नालसा द्वारा जारी निःशुल्क विधिक सेवा का टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस सहायता हेल्पलाइन न.112, स्वास्थ्य हेल्पलाइन न. 108 की जानकारी दी गयी। इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## दिगवार में जलसा का आयोजन

कुजू (आजाद सिपाही)। दिगवार में मुस्लिम समुदाय ने जलसा का आयोजन किया। जलसे में कारी निसार दिलबर शाही कोलकाता, साजिद इकबाल कोलकाता, मुबारक हुसैन मुबारक गिरिडीह समेत कई जगहों के मुक्करीर और नाथका शामिल रहे। इस दौरान सभी ने बेहतरीन अंदाज में तरह तरह के नातिया कलाम, तकरीर, शेरो शायरी पेशकर हजारों श्रोताओं को रात भर मनोरंजन कराया। इससे पूर्व, जलसे का आगाज कुरान ए पाक तेलावत के साथ की गयी। इस अवसर पर समाज के कई लोग शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक योगेंद्र के पैतृक आवास मुरुबंदा पहुंचेंगे

**जिला के डीसी-एसपी ने लिया जायजा, सुरक्षा का होगा पुख्ता इंतजाम**

**27 को हेमंत सोरेन मुरुबंदा में श्राद्ध कर्म में होंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रजरप्पा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 नवंबर को गोला प्रखंड क्षेत्र के पैतृक गांव नेमरा में सोना सोबरन के शहादत दिवस पर पहुंचेंगे, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रामगढ़ जिला के उपायुक्त चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार सहित जिला के कई आला अधिकारीयों की टीम ने मुरुबंदा क्षेत्र का दौरा किया, बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से अपने गांव पहुंचेंगे। नेमरा गांव में शहादत दिवस मनाने के बाद गोमिया के विधायक योगेंद्र महतो के पैतृक आवास पर 27 नवंबर को श्राद्ध कर में शामिल होने को लेकर मुरूबंदा गांव पहुंचेंगे, हेलीपैड बनाने को लेकर अधिकारियों द्वारा स्थलों का निरीक्षण किया गया। गोमिया विधायक के पिताजी स्वर्गीय विश्वनाथ महतो के फोटो चित्र पर श्रद्धांजलि देंगे तत्पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्राद्ध कर्म ब्राह्मण भोज में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन काफी चौकस है सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेगा। इस मौके पर रामगढ़ जिला के डीसी और एसपी सहित डीडीसी रोबिन टोप्पो रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चितरपुर अंचल अधिकारी, चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी रजरप्पा थाना इंस्पेक्टर सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

## मंदनगुंडी टोल प्लाजा के टेंडर की सूचना मिलने पर पहुंचे कृष्णा यादव




चंदवारा (आजाद सिपाही)। चंदवारा प्रखंड स्थित मंदनगुंडी टोल प्लाजा का टेंडर जारी होने की जानकारी मिलते ही बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने टोल कंपनी के मैनेजर से मुलाकात करने की कोशिश की। उन्होंने स्थानीय लोगों, पूरे कोडरमा जिला और खासकर बरही चौपारण क्षेत्र के निवासियों के लिए टोल प्लाजा पर फोर व्हीलर वाहनों को छूट देने और स्थानीय नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात रखी। हालांकि इस दौरान कंपनी के किसी प्रतिनिधि से उनकी मुलाकात नहीं हो पायी। कृष्णा यादव ने इस मौके पर क्षेत्रवासियों को संदेश देते हुए कहा कि मंदनगुंडी टोल प्लाजा जल्द ही चालू होगा, और सभी स्थानीय लोग एकजुट होकर इस मुद्दे पर संघर्ष करें। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस मामले में एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए आवाज उठाएं।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 4341 date 26.11.2024, I BABU LAL S/O LATE MANGI LAL age about 77 Year's, by Faith Hindu, by occupation Cultivation by Nationality Indian, Add- House No. 13A, Ashok Mohalla, Nangloi, P.o- Nangloi, Dist- West Delhi (Delhi) do hereby solemnly declare as follows:-
1. That my actual & correct Name is BABU LAL which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 2510 5241 0880, and PAN Card. but due to mistake my name BABU LAL AGARWAL has been mentioned in my Bank Account No. 481545100000019.
2. That my actual & correct Date of Birth is 12/02/1947 which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 2510 5241 0880, and PAN Card. but due to mistake my Date of Birth 02/01/1987 has been mentioned in my Bank Account No. 481545100000019.
That BABU LAL and BABU LAL AGARWAL both the name is of a single and same Person, i.e.my name. That above statement given by me is true and correct. That this affidavit is being sworn to submit before authority concern.

# असहमति के बीच कॉप-29 का समापन

अजरबैजान की राजधानी बाकू में हो रही 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-29) का जिस तीखी असहमति और कड़वे बयानों के साथ समापन हुआ, उसे किसी भी रूप में पॉजिटिव नहीं कहा जा सकता। क्लाइमेट चेंज जैसे अहम मसले पर विकासशील और विकसित देशों के बीच अविश्वास और संदेह का माहौल बनना भविष्य में सभी देशों की साझा पहल की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। विकासशील देशों में इस तरह से छले जाने का भाव पैदा होने के पीछे सबसे बड़ी वजह रही विकसित देशों की कंजूसी। कहां तो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने वाले कदमों का खर्च उठाने में विकासशील देशों की मदद करने के लिए सालाना 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक का योगदान जुटाने की बात थी और कहां विकसित देश सालाना 300 बिलियन डॉलर पर आकर ठहर गये। जिस तरह से इस मामूली और नाकाफी टारगेट को तय किया गया - न तो इस पर ढंग से चर्चा होने दी गयी और न ही संबंधित राष्ट्रों को विरोध दर्ज करने का मौका दिया गया - उससे भी विकासशील देशों में नाराजगी पैदा हुई। एक और बात यह रही कि यह रकम भी विकासशील देशों को पूरी तरह ग्रांट के रूप में नहीं मुहैया करायी जायेगी। इसे विभिन्न सरकारों के साथ ही प्राइवेट स्रोतों से भी जुटाने की बात है,जिसमें मल्टिलैटरल डिवेलपमेंट बैंक भी शामिल हैं। जाहिर है, कर्ज और उससे जुड़ी शर्तें भी विकासशील देशों के हिस्से आने वाली हैं। सम्मेलन के आखिर में बने इस माहौल से अलग हटकर देखा जाये तो दिलचस्प है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का कार्यकाल अभी शुरू नहीं हुआ है, न ही वह इस सम्मेलन में मौजूद रहे, इसके बावजूद सम्मेलन पर उनका साया महसूस होता रहा। यह बात सबके ध्यान में थी कि आगामी 20 जनवरी से शुरू हो रहे उनके कार्यकाल के दौरान क्लाइमेट चेंज के मसले पर अमेरिका से किसी तरह के पॉजिटिव रुख की उम्मीद नहीं की जा सकती। ऐसे में कई विकसित देशों के प्रतिनिधियों की दिलचस्पी यह सुनिश्चित करने में थी कि फंड कम हो या ज्यादा, पर क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की वैश्विक सहमति हासिल की जा चुकी है, उसे आने वाले वर्षों में कोई नुकसान न पहंचाया जा सके। भारत ने अपनी अब तक की भूमिका के अनुरूप ही विकसित देशों के नकारात्मक रुख का तीव्र विरोध करने में विकासशील देशों की अगुआई की और ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं का ख्याल न रखने वाले इस फैसले को गलत बताया। बहरहाल, असंतोष और नाराजगी के बावजूद यह ध्यान रखना जरूरी है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ने के वैश्विक संकल्प को कमजोर न पड़ने दिया जाये।

**सम्मेलन के आखिर में बने इस माहौल से अलग हटकर देखा जाये तो दिलचस्प है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का कार्यकाल अभी शुरू नहीं हुआ है, न ही वह इस सम्मेलन में मौजूद रहे, इसके बावजूद सम्मेलन पर उनका साया महसूस होता रहा।**

अभिमत आजाद सिपाही

**डॉ अंबेडकर की 125 जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की थी। संविधान को लोकतंत्र की आत्मा माना गया है। संविधान की प्रस्तावना इसकी आधारशिला है। संविधानए सुशासन की रूपरेखा तैयार करता है। इसकी सबसे महत्वूर्ण विशेषता राज्य के तीन अंगों अर्थात कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के कार्यों और शक्तियों को अलग करने का सिद्धांत है।**

# भारत का संविधान : लोकतंत्र की एक आत्मा



**डॉ तपन शांडिल्य**



भारत का संविधान भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून है। 26 नंवबर 2015 से भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य डॉ बीआर अंबेडकर को सम्मानित करना एवं वैधानिक मूल्यों, अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूकता को बढ़ाया देना। डॉ अंबेडकर की 125 जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की थी। संविधान को लोकतंत्र की आत्मा माना गया है। संविधान की प्रस्तावना इसकी आधारशिला है। संविधानए सुशासन की रूपरेखा तैयार करता है। इसकी सबसे महत्वूर्ण विशेषता राज्य के तीन अंगों अर्थात कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के कार्यों और शक्तियों को अलग करने का सिद्धांत है। हमारे गणतंत्र की पहचान रही है कि तीनों अंगों ने संविधान द्वारा निर्धारित सीमाओं का सम्मान किया है। तीनों को उद्देश्य जनता की सेवा करना है। भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और शासन के ढांचे का प्रतीक है। यह भारत की सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। भारतीय संविधान के द्वारा नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी सुनिश्चित किया जाता है। भारतीय संविधान अपने ऐतिहासिक संघर्षों, दार्शनिक आदर्शों और सामाजिक आकांक्षाओं की जड़ों के साथ लोकतंत्र, न्याय और समानता की ओर राष्ट्र की सामूहिक यात्रा को प्रदर्शित करता है। किसी राज्य का संविधान मूल सिद्धांतों या स्थापित परंपराओं का एक मौलिक समूह होता है, जिसके आधार पर राज्य के द्वारा शासन का संचालन किया जाता है। यह सरकार की संस्थाओं के संगठन, शक्तियों और सीमाओं के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के मध्य एक संतुलन की तरह कार्य करता है। यह देश के सर्वोच्च कानून के रूप में भूमिका निभाता है, जो सरकार के कामकाज, व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की सुरक्षा एवं सामाजिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

**भारत के संविधान में 395 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियां हैं। ये 25 भागों में विभाजित है।**

संविधान हमारे देश का सर्वोच्च विधान है। इस बात को गहराई से समझे जाने की जरूरत है कि यह नियम-कानूनों का दस्तावेज भर नहीं है, बल्कि यह वह पवित्र ग्रंथ है, जिससे विश्व के सबसे बड़े हमारे लोकतांत्रिक देश का संचालन होता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का अधिकार देता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, समता की स्थापना और सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करने वाली बंधुता के लिए भी हमारा संविधान विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखता है। मैं यह भी मानता हूं कि भारत का संविधान मानव अधिकारों का वैश्विक दस्तावेज है। मानव अधिकारों की सुरक्षा की विश्वसनीय व्यवस्था कहीं पर है, तो वह भारतीय संविधान में ही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कभी कहा था कि कर्तव्यों के हिमालय से अधिकारों की गंगा बहती है। संविधान आजादी की मर्यादा है। इसलिए यह जरूरी है कि संवैधानिक मूल्यों, नैतिकता, मयार्दाओं और गरिमा के साथ हम राग-द्वेश एवं भेदभाव से मुक्त रहते हुए संविधान निर्माताओं की भावनाओं को सम्मान दें। संविधान के अनुसार प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह संवैधानिक संस्थाओं का आदर करें, नियम-कानूनों की पालना करें। सर्वधर्म, सद्भाव और महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान को बरकरार रखते हुए हमारी संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को समृद्ध करें। देश में समतामूलक समाज की स्थापना हर नागरिक का कर्तव्य है। संविधान इसी के लिए हमें सदा प्रेरित करता है। भारतीय संविधान अधिकारों और कर्तव्यों के संतुलन का मानवीय दस्तावेज ही नहीं है, बल्कि बेहद कलात्मक रूप लिए है। भारतीय संविधान अपने संवैधानिक प्रावधानों, मानव अधिकारों और कर्तव्यों के आलोक के साथ सुंदर कलाकृति रूप में सृजित किया गया है। भारतीय संविधान को मैं लोकतंत्र संचालन का लिखित कानून ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का गौरव ग्रंथ मानता हूं। वसुधैव कुटुंबकम की भारतीय अवधारणा पूरे विश्व को अपना परिवार मानने में विश्वास करती है। भारतीय संविधान अनेकता में एकता और सर्वधर्म सद्भाव, समानता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। भारत के संविधान में 395 अनुच्छेद तथा 12 अनुसूचियां हैं। ये 25 भागों में विभाजित है। हालांकि निर्माण के समय हमारे मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे और उनमें 8 अनुसूचियां थी।

भारत का संविधान एक धर्मनिरपेक्ष संविधान है। इसलिए यह भारतीय राज्य के आधिकारिक धर्म के रूप में किसी विशेष धर्म का समर्थन नहीं करता।

मूल रूप से भारतीय संविधान में दोहरी राजव्यवस्था प्रदान की गयी थी और इसमें केंद्र और राज्यों के संगठन और शक्तियों के संबंध में प्रावधान थे। बाद में 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1992) ने सरकार के एक तीसरे स्तर (अर्थात स्थानीय सरकार) को जोड़ा है, जो दुनिया के किसी भी अन्य संविधान में नहीं पाया जाता है। 1992 के 73वें संशोधन अधिनियम ने संविधान में एक नया भाग IX-A और एक नयी अनुसूची 11 जोड़कर नगर पालिकाओं (शहरी स्थानीय सरकार) को संवैधानिक मान्यता प्रदान की।

भारतीय संविधान सभ्यता और संस्कृति का दर्शन है। संविधान की मूल प्रति पर नटराज का स्वरूप अंकित है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और कर्म का संदेश देते हूए भगवान श्रीकृष्ण का भी स्वरूप है। शांति को उपदेश देते हुए भगवान बुद्ध संविधान की मूल प्रति पर अंकित किये गये है। संविधान में राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ को संविधान के पहले पन्ने पर लगाया गया है। साथ ही हड़प्पा की खुदाई में मिले घोड़े, शेर, हाथी की सुनहरी सज्जा भी दिखने को मिलती है। इसी में संविधान की प्रस्तावना को सजाया गया है। भारतीय संविधान राष्ट्र के लोकतांत्रिक आदर्शों और आकांक्षाओं का प्रमाण है। इसका निर्माण सावधानीपूर्वक किया गया है, जो ऐतिहासिक संघर्षों और दूरदर्शी सिद्धांतों पर आधारित है और यह भारत को एक अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और समृद्ध समाज की ओर ले जाने का मार्गदर्शन प्रदान करता है। भारतीय संविधान अपने मूल्यों को बनाये रखने, विविधता के बीच एकता को बढ़ावा देने और प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और स्वतंत्रताओं की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस प्रकार यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करता है।

डॉ बीआर अंबेडकर ने गर्व से कहा कि भारत के संविधान को दुनिया के सभी ज्ञात संविधानों का निचोड़ करने के बाद तैयार किया गया है। भारत के संविधान में शासन के मौलिक सिद्धांत को साथ.साथ प्रशासनिक प्रावधान भी शामिल किया गया है। भारत का संविधान एक न्याय संगत संविधान है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालयए रांची के कुलपति हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# संविधान ने आपातकाल देखा और इसका सामना किया, ये इसकी ताकत है : मोदी

**● जम्मू-कश्मीर में पहली बार संविधान दिवस मनाया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 जारी की। पीएम ने अपने संबोधन में कहा- हमने देश में आपातकाल देखा है। हमारे संविधान ने लोकतंत्र के सामने आई इस चुनौती का सामना किया है। ये संविधान की ही ताकत है कि आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरी तरह से लागू हो रहा है। आज पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये भारतीय संविधान का 75वां वर्ष है। ये देश के लिए बहुत गर्व की बात है। मैं संविधान और संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं। हम यह नहीं भूल सकते कि आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है।

पीएम ने कहा कि जिन लोगों ने इस हमले में अपनी जान गंवाई। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं देश के संकल्प को भी दोहराना चाहता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले सभी आतंकवादी संगठनों को करारा जवाब मिलेगा। मंगलवार को ही देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे थे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गयी थी। आयोजन में पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक साथ एक ही मंच पर बैठे नजर आये। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश भी थे।

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गयीं। 2 किताबों 'भारतीय संविधान का निर्माण : एक झलक' और 'भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा' का विमोचन किया गया।

# इमरान खान की रिहाई को लेकर हिंसक प्रदर्शन, 7 की मौत

## पाकिस्तान में सेना ने इमरान समर्थकों से खाली कराया डी-चौक

**● बुशरा बीबी बोलीं- जब तक खान नहीं मिलेंगे हम हटेंगे नहीं**

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई को लेकर रविवार को शुरू हुआ प्रदर्शन हिंसक हो गया। हिंसा में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें 4 प्रदर्शनकारी और 3 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इमरान के समर्थकों ने श्रीनगर हाइवे पर सुरक्षाबलों पर गाड़ियां चढ़ा दीं, जिसमें कुचल कर 3 सैनिक मारे गये। हिंसा में अब तक 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो चुके हैं। ज्यादातर की हालत गंभीर है। इमरान खान के सैकड़ों समर्थक इस्लामाबाद के डी चौक पर पहुंच गये। पुलिस उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दाग रही है। इसके जवाब में प्रदर्शनकारी पुलिस और सेना पर पत्थर फेंके।

घंटों के टकराव के बाद सेना ने प्रदर्शनकारियों से डी चौक खाली करवा लिया, जबकि प्रदर्शन की अगुवाई कर रही इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने कहा है कि जब तक उन्हें खान नहीं मिल जाते प्रदर्शन जारी रहेगा। डी चौक इस्लामाबाद का सबसे हाई प्रोफाइल इलाका है। राष्ट्रपति भवन, पीएम ऑफिस, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट इसी इलाके में हैं। सेना ने शिपिंग कंटेनर रख कर राजधानी पहुंचने वाले हाइवे को ब्लॉक कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने लिफ्टिंग मशीन और कई भारी मशीनों की मदद से बैरिकेड्स तोड़ दिये। प्रदर्शनकारी कंटेनरों पर चढ़ गये।

**इस्लामाबाद में प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश :** हिंसा से निपटने के लिए राजधानी इस्लामाबाद में धारा 245 लागू कर दी गयी है। प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी सेना को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए किसी भी इलाके में कर्फ्यू लगाने का अधिकार दिया गया है। इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान सरकार से मानवाधिकारों का पालन करने की अपील की है।

## कांग्रेस के कार्यक्रम में राहुल गांधी का माइक बंद, ऑन हुआ तो बोले

# जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि जहां हमारी सरकार आयेगी, वहां जाति जनगणना करायेंगे। हम ये तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल ने ये बात दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के संविधान रक्षक कार्यक्रम के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान उनका माइक बंद हो गया। राहुल का माइक जब 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो उन्होंने कहा कि जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा। अगर हिंदुस्तान की जनगणना को देखें तो 15% दलित, 15% अल्पसंख्यक हैं, लेकिन पिछड़े वर्ग के कितने हैं, ये नहीं पता। पिछड़ा वर्ग 50% से कम नहीं है। हिंदुस्तान की 90% आबादी इन्हीं वर्गों से है।

**माइक बंद कर दो, फिर भी बोलता रहूंगा :** राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासियों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है। काफी लोग आए, कहने लगे जाकर बैठ जाइए, मैंने कहा कि मैं खड़ा रहूंगा। मैंने कहा कि माइक जितना ऑफ करना है करो, मैं खड़ा रहूंगा।

**पूरा सिस्टम दलितों-पिछड़ों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा है :** यहां रोहित वेमुलाजी की तस्वीर है पीछे, वे बोलना चाहते थे, उन्हें चुप करा दिया गया। हर दिन आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग का युवा सपना देखता है, मैं डॉक्टर-इंजीनियर बनूं, मीडिया में जाऊं, अफसर बनू, लेकिन सच्चाई यह है कि देश का पूरा सिस्टम पिछड़ों-दलितों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा हुआ है। ऐसा नहीं होता तो मीडिया में हमें ओबीसी-दलित वर्ग के पत्रकार, एंकर और मालिक दिखते। आपको हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में एक दलित-ओबीसी-पिछड़ा नहीं मिलेगा। आपको कहा जाता है कि ये देश आपका है। इस देश में आपकी भागीदारी है, लेकिन डेटा देखें तो ये झूठ साबित होता है।

# रूस ने ब्रिटेन के राजनयिक को किया निष्कासित

**एजेंसी**

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ तनाव के बीच रूस ने जासूसी के आरोप में मंगलवार को ब्रिटेन के एक राजनयिक को निष्कासित कर दिया। यह ताजा कदम दोनों देशों के संबंधों में तनाव को बढ़ा सकता है। रूस की एफएसबी सिक्योरिटी सर्विस ने आरोप लगाया कि इस राजनयिक ने रूस में प्रवेश करते समय जानबूझकर झूठी जानकारी दी थी और यह भी पता चला कि वह रूस की सुरक्षा के लिए खतरा था, क्योंकि वह खुफिया और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल था।

**रूस के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन के राजदूत को किया तलब :** हालांकि, ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने रूस के इस कदम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और मॉस्को स्थित ब्रिटेन के दूतावास ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि मंत्रालय ने ब्रिटेन के राजदूत को तलब किया है। यह एक ऐसा कदम है, जिसका उपयोग मेजबान सरकारें अक्सर कड़ा विरोध जताने के लिए करती हैं। एफएसबी के मुताबिक, ब्रिटेन का यह राजनयिक उस व्यक्ति की जगह आया था, जिसे इस साल पहले जासूसी के आरोप में निष्कासित किया गया था।

**रूस-ब्रिटेन का संबंध तनावपूर्ण :** यूक्रेन युद्ध के बाद से ब्रिटेन और रूस के संबंध तनावपूर्ण हैं। ब्रिटेन रूस के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगाने में शामिल हुआ है और उसने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति भी की है। हाल ही में रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने ब्रिटेन की स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइलों से उसकी सीमा पर हमला किया था।

**कुर्स्क क्षेत्र से पकड़ा गया ब्रिटेन का नागरिक, वीडियो वायरल :** इसके अलावा, रूस के पश्चिमी क्षेत्र कुर्स्क में ब्रिटेन के एक नागरिक जेम्स स्कॉट एंडरसन को पकड़ा गया था। रूस का कहना है कि एंडरसन यूक्रेन के लिए लड़ाई में भाग ले रहा था। उस पर आरोप है कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में सशस्त्र संघर्ष में हिस्सा लिया। बाद में एंडरसन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ, जिसमें जेम्स एंडरसन के हाथ बंधे हुए थे।

## विभिन्न स्थानों पर मनाया गया संविधान दिवस



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय, पंचायत सचिवालय, विद्यालयों और अन्य स्थानों पर मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, सभी प्रखंड कर्मियों और अन्य लोगों की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के महत्व को समझाया गया। आज के दिन संविधान के पारित किये जाने के कारण हम सभी प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाते हैं। इस मौके पर चंद्रशेखर मिश्रा, अनूप, आदित्य, सुरेश राम, मुखिया मूंगा साह, झामुमो नेता सूर्यनाथ सिंह, जयंत सहित प्रखंड कर्मी और अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को डीएवी मॉडल स्कूल में संविधान निर्माण दिवस के शुभ अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को संविधान निर्माण से संबंधित बातें बतायी गयी। निदेशक सुशील केसरी ने सभी बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया। इस प्रस्तावना की शपथ को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दोहराया गया था। संविधान बनने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा। कुल 112 बैठकें हुई। संविधान सभा में 299 सदस्य थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, जबकि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे। काफी गहनतम विचार विमर्श, तर्क वितर्क के बाद संविधान बनकर 26 नवंबर 1949 को तैयार हुआ था। इस अवसर पर चंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार, मदन मोहन त्रिवेदी, आरती, श्वेता, कोमल, सिमरन, शिवानी, तान्या, सुलेखा गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

## संविधान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर वृहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर तथा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर तथा राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। संविधान ही देश की एकमात्र रीढ़ है, जिसने देश को एक सूत्र में बांधा है। यह कई अन्य विविध संस्कृतियों, विभिन्न भाषाओं और जातीयताओं के साथ एक रखा है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण, नीरा शर्मा, सरिता दुबे आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## अमृत सरोवर स्थल पर मनाया गया संविधान दिवस



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी नेनुआ मोड दक्षिण टोला में मनरेगा से बने अमृत सरोवर के पास मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें कई योजनाएं पारित की गयी। मौके पर पंचायत सचिव रामनाथ चौधरी और पंचायती राज के पदाधिकारी प्रियंका के द्वारा मनरेगा योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुखिया अलीशेर अंसारी, वार्ड सदस्य दिनेश कुमार मेहता, रहमुद्दीन अंसारी, रामकुमार, राही, संजय सहित कई ग्रामीण थे।

## सगमा में निरंजन का शव सिंचाई कूप से बरामद



सगमा (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने थाना क्षेत्र के झुनका गांव स्थित सिंचाई कूप से सड़ा हुआ शव बरामद किया है, जिसकी पहचान घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता पिता बागुली शाह बीते बुधवार से लापता था।

## संविधान दिवस पर रंका पुलिस ने प्रस्तावना का पाठ किया



रंका (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों के द्वारा संविधान की रक्षा का प्रण लेकर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में पुलिस कर्मी व पदाधिकारी शामिल थे।

## असीम की पुण्यतिथि पर कंबल का किया वितरण




बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्वर्गीय असीम प्रताप देव के तृतीय पुण्यतिथि पर असीम मेमोरियल फाउंडेशन की तरफ से उनके पैतृक गांव बभनी, नगर उंटारी में कंबल वितरण की गयी और नगर उंटारी में स्थित वृद्धा आश्रम में कंबल वितरण और अनाज उपलब्ध कराये गये। वहां उपस्थित असीम मेमोरियल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ब्रहमेशवर प्रताप देव, पुनित प्रताप देव, सज्जन प्रताप देव, उज्जवल राजा प्रताप देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर सजन प्रताप देव ने बताया कि असीम मेमोरियल फाउंडेशन का उद्देश्य गरीबों और वृद्धों की जरूरतों को पूरा करना है।

## पंजाब नेशनल बैंक भवनाथपुर के तीन कर्मी हुए घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सड़क दुर्घटना में पंजाब नेशनल बैंक भवनाथपुर के तीन कर्मी हुए घायल, बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। भवनाथपुर से पांकी जा रही बराती गाड़ी को बीती रात गढ़वा बाईपास सड़क पर अचला नावाडीह ओवरब्रिज के पास लाईन ट्रक ने सामने से धक्का मारा, जिससे पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिंघीताली के तीन कर्मचारी घायल हो गये, जिसमें नुनु मेहता, चतुर्थ श्रेणी का कर्मी सुनिल कुमार यादव, तथा रिकवरी एजेंट विक्रम मेहता का नाम शामिल है। गंभीर रूप से घायल नुनु मेहता और सुनिल कुमार यादव को रांची रेफर कर दिया गया है। जबकि विक्रम मेहता का इलाज परमेश्वरी अस्पताल में किया जा रहा है।

## कल्याण विभाग की ओर से 202 साइकिल वितरित

मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का बकाया छात्राओं का कल्याण विभाग की ओर से मिलने वाली साइकिल का वितरण मंगलवार को किया गया। जीस स्कूल का साइकिल वितरण किया गया, उसमें: कन्या मध्य विद्यालय मझिआंव के 24 छात्राओं को साईकिल दी गयी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टड़हे 19, अपग्रेड हाई स्कूल खरसोता 91, मवि सोनपुरवा में 25 और उत्क्रमित हाई स्कूल मोरबे में 43 साईकल का वितरण किया गया। इस मौके पर बीपीओ वीभा रानी कुजूर, कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत उपाध्याय, अरविंद ठाकुर, अंबिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान है: अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक ने संविधान के जनक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे देश का गौरव है, यह हमारा स्वाभिमान है। विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान जो अनेक देशों के संविधान का मिश्रण है। यह हमारे पलामू के लिए हर्ष व गर्व की बात है कि तत्कालीन बिहार से 36 लोग इस संविधान सभा के सदस्य थे और इन 36 सदस्यों में पलामू से भी यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू और अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू भी शामिल थे। संविधान निर्माण में पलामू के इन दो सपूतों के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। 26नवंबर 1949 ईस्वी को संविधान सभा ने इसे स्वीकार किया, इसीलिए 26 नवंबर को हम संविधान दिवस के रुप में प्रतिवर्ष मनाते हैं और 26 जनवरी 1950 को लागू होने के साथ हमारा देश गणतांत्रिक देश बना। संविधान की आत्मारुपी प्रस्तावना ही संविधान की कुंजी है। यह संविधान देश का सर्वोच्च विधान है। हमें अपने संविधान का आदर व सम्मान करते हुए इस पर गर्व करना चाहिए।

संविधान दिवस के अवसर पर कलाम, टैगोर, टेरेसा और खुराना हाऊस के प्रतिभागियों के बीच क्विज कंपीटिशन भी कराया गया, जिसमें कलाम हाऊस ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं टैगोर और टेरेसा हाऊस क्रमश दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज पीके झा, नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, अनिल सिन्हा, संजय कुमार, विकास तिवारी, एसडी सिंह, सनोज, श्वेता पांडेय रश्मि शुक्ला शिखा रानी, धीरज पांडेय और अन्य सभी शिक्षक - शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# संविधान धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है : लल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान सभी ग्रंथों का एक महाग्रंथ है। संविधान धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है। संविधान की चर्चा हर घर में होनी चाहिए, हर घरों में संविधान होना चाहिए और अनुच्छेदों के बारे में सबको जानकारी रखना चाहिए, ताकि किसी भी कार्य को करने से पहले गलत और सही का एहसास हो। संविधान की जानकारी नहीं रहने के कारण इस देश में लोग कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, देश में कुछ राजनीतिक दल भारतीय संविधान को बदलना चाहते हैं, लेकिन उनके मंसूबे पर कामयाबी नहीं मिल रही है, और हमारे लोग भी उनके राग में राग मिला रहे हैं, वें यह नहीं जानते हैं, कि हम अपने पैर में कुल्हाड़ी मार रहे हैं। इस अवसर पर सूर्यदेव राउत, सलाहुद्दीन अंसारी, बृजेश कुमार सिंह, राजकुमार राउत, विजय राउत, रामसुंदर आदि उपस्थित थे।

## एसपीडी कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस




मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित सफल प्रतिभागी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) द्वारा महाविद्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें अभय कुमार को प्रथम, नितीश कुमार चौबे को द्वितीय तथा शोएब अंसारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने कहा कि भारत का संविधान नागरिकों को उन्हे देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे बड़ा संविधान माना जाता है। संविधान किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए शीर्ष होता है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास तथा राष्ट्र की भावना को जागृत करने की दिशा में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। प्रो. परवेज आलम ने कहा कि संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढ़ाल बनकर हमें हमारा हक दिलाता है। मौके पर प्रो. रबिता शुक्ला, प्रो आशिष उपाध्याय आदि उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में सुशील कुमार, चांदनी कुमारी, रविकांत, प्रितमा केरकेट्टा आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## लकड़बग्घा के काटने से दो जख्मी

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही) । नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कुशडंड ग्राम में बीती रात लकड़बग्घा ने दो लोगों को काटकर घायल कर दिया। दोनों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। दोनों जख्मी कुशडंड ग्राम निवासी कमलेश राम उम्र 50 वर्ष और नंद किशोर कुमार का नाम शामिल है।

## न्यायालय का पालन करें सभी डीजे संचालक

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर ऊंटरी थाना प्रभारी ने उच्च न्यायालय रांची झारखंड के द्वारा डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंधित पारित आदेश के आलोक में सभी डीजे संचालकों के साथ नगर उंटारी थाना में बैठक किया। जिसमें न्यायालय द्वारा डीजे पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका पालन करने हेतु सभी डीजे संचालकों को निर्देशित किया।

# संविधान के निर्माण में डॉ अंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय : डॉ पतंजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता डॉक्टर पतंजलि केशरी।

**गढ़वा।** भाजपा नेता सह चिकित्सक डॉक्टर पतंजलि केशरी ने मंगलवार को शहर के रंका मोड़ अवस्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया।

डॉक्टर केशरी ने कहा कि भारतीय संविधान के नैतिक मूल्यों की जानकारी हम सभी लोगों को होनी चाहिए। 26 नवंबर को ही वर्ष 1949 में हमारे संविधान को संविधान सभा ने अपनाया था। जिसे 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में लागू किया गया। 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन के अंतराल में काफी विचार विमर्श के बाद हम लोगों का भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ। इसमें बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर हम सभी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने और कानून के महत्व को समझने के लिए उपस्थित हुए हैं। आजादी के पूर्व हमारे देश भारत की क्या स्थिति थी। यह हम सभी लोग भली-भांति जानते हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों ने जो हमें दिया है, वह वास्तव में अनुकरणीय और प्रशंसा के योग्य है। मौके पर अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इश्तियाक रजा सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉक्टर आदित्य प्रकाश, दामोदर सर, मोहम्मद इकराम, संगीता देवी, प्रमोद कुमार, मोहम्मद जावेद, सुनील कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# धान काटनेवाली थ्रेसर मशीन की गाड़ी पार करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो खटखरिया टोला में दो पक्षों में खेत के बींच से थ्रेसर मशीन वाला गाड़ी पार करने को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों पक्ष के एक-एक लोग घायल हो गये। घायलों में एक पक्ष के अजमेरुन बीबी 48 वर्ष तथा दूसरे पक्ष के नशीर अंसारी 55 वर्ष का नाम बताया गया। फिलहाल स्थानीय थाना को जानकारी देते हुए घायलों को इलाज के लिए उनके स्वजनों ने मेराल अस्पताल ले गया है। घटना को लेकर एक पक्ष के आफताब आलम वगैरह ने बताया कि जमात जमीन के रास्ते धान काटने को लेकर हम लोग थ्रेसर मशीन वाला गाड़ी पार कर रहे थे। जिसमें सरसों का थोड़ा फसल गाड़ी के चक्का से रौंद गया था, तभी सलीम अंसारी अपने पूरे परिवार के साथ आये और फसल नष्ट करने की बात कहते हुए लाठी डंडा से मारपीट करने लगे। जिसमें आसीन अंसारी का माथा फट गया और लहूलुहान हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के सलीम अंसारी वगैरा ने नशीर अंसारी और उनके परिवार वालों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जबरदस्ती फसल लगे खेत से उक्त लोगों के द्वारा गाड़ी पार कर रहे थे। हम लोगों के द्वारा मना करने पर लोग आक्रोशित हो गये और हम ही लोगों के साथ मारपीट करने लगे, जिसमें अजमेरुन बीबी घायल हो गयीं। घटना के बाद दोनों पक्ष के लोगों ने स्थानीय थाना को जानकारी देते हुए घायलों को इलाज के लिए मेराल अस्पताल ले गये।


झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(कृषि प्रभाग)

पत्रांक–10/लेखा विविध–13/2016–2580 रांची, दिनांक–26.11.24

01 (एक) अदद Samsung Glaxy S10+ 5G Tablet का कय किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| कमांक | सामग्री का नाम | विवरणी | राशि रू0 में |
|---|---|---|---|
| 1 | Samsung Glaxy S10+ 5G Tablet | Wifi, Storage- 12/256 | 1,00,000.00 (Without GST) |

इच्छुक आपूर्तिकर्ता सूचना प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अंदर विभाग के अवर सचिव के नाम से तीन कोटेशन उपलब्ध कराया जा सकता है।

ह0/–
सरकार के अवर सचिव

PR 340453 Agriculture(24-25).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –08 वर्ष 2024–25
(2nd Call)

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः **03.12.2024** को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः **04.12.2024** को अपराह्ण 3.00बजेतक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः **04.12.2024** को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खूँटी जिला अन्तर्गत अनिगड़ा में एन0एच0 75E से हेलीपैड तक जी0एस0बी0 बिछाने का कार्य। | 7,11,400.00 | 1,250.00 | 14,300.00 | 07 दिन |
| 2 | E/R of Strong Room for parliamentry Election 2019 closed for last Five years in Birsa college khunti. | 10,59,500.00 | 2,500.00 | 21,200.00 | 07 दिन |

नोटः-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 340406 Building(24-25).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा, झारखण्ड, पिन-835223
email id-eercdsimdega-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2024–25, दिनांक–26.11.2024

अनुभवी कोटेशन दाता से नीचे वर्णित कार्यों के लिए दिनांक – 03.12.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक कोटेशन की माँग की जाती है। कोटेशन निम्न कार्यालय में जमा किया जा सकता है, उसी दिन संबंधित कार्यालय में 03:30 बजे अपराह्न में कोटेशन खोला जायेगा।
(क) मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झाखण्ड, राँची।
(ख) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
(ग) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | लम्बाई | कार्य समाप्ति की अवधि | उद्धरित दर/राशि (रूपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | भू–अर्जन | वनभूमि अपयोजन | Wild Life Conservation Plan |
| 1 | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत "लचरागढ़ (NH-320G पर)–इन्दटॉड –कारीमाटी –खरवागढ़हा–बारीबिरिंगा ओरगा (MDR-042 पर) पथ (कनोरवा रेलवे स्टेषन के पहुँच पथ सहित) –कुल लंबाई 15.990 कि.मी. का पुनर्निर्माण कार्य हेतु :– (1) भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। (2) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। (3) सरकारी भूमि हस्तान्तरण एवं वृक्ष पातन प्रस्ताव तैयार करना एवं उसका जांच कार्य। (4) पथ का Site Specific Wild Life Conservation Plan तैयार करना एवं स्वीकृति करने वाले सक्षम पदाधिकारी (PCCF, Jharkhand/ लागू नियमानुसार अन्य कोई राज्य/केन्द्रीय पदाधिकारी) से स्वीकृति प्राप्त कराने का कार्य। | 15.990 कि0मी0 | 3 माह | | | |

नोट :– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 340444 Simdega (24-25)_D



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ...................................../ दिनांक ............................... /
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 27/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :–09.12.2024 को 1.00 बजे अपराह्न् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–10.12.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–10.12.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का ार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य(रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Renovation of Assistant Engineer ( Tilaiya Sub Division ) Residence at Koderma District. | 11,36,810.00 | 2500.00 | 23000.00 | 2 Month |
| 2 | Construction of Toilet for Visitor, Laying of Chequred tiles and Beautification of Computer Room in Campus of District Fishery Office at Koderma. | 11,75,290.00 | 2500.00 | 24000.00 | 2 Month |
| 3. | Extention of male & Female Toilet for Public and Construction of Septic tank for male and Female Toilet in Premises of Civil Court Koderma. | 13,36,486.00 | 2500.00 | 27000.00 | 2 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.340343 Building(24-25):D

## राशन में कटौती से परेशान हैं ग्रामीण, डीलर की दुकान से लेकर बीडीओ दफ्तर तक हंगामा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत के चपरी गांव के ग्रामीणों को मिलने वाला राशन में कटौती किये जाने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया। जिसे से लेकर हम पार्टी के नेता अतुल सिंह चेरो व भाजपा नेता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। जंहा राशन में कटौती किये जाने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित दिखे। नाराज ग्रामीण डीलर झांसी कल्याण समूह के दुकान से लेकर प्रखंड कार्यालय तक पहुंचकर हंगामा कर राशन कटौती पर एतराज जताया हैं। वहीं जिला आपूर्ति कार्यालय के अनुसार कार्डधारियों को मिलने वाला राशन में किसी तरह की कोई कटौती नहीं किए जाने की बात कही जा रही है। विभागीय अधिकारियों की ओर से उन्हें बताया जाता है कि कार्डधारियों के राशन में किसी भी तरह की कोई कटौती नहीं की जा रही है। **मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी:** मामले पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि चपरी के दर्जनों राशन कार्डधारियों ने लिखित आवेदन दिया है कि झांसी कल्याण समूह के द्वारा कम अनाज दिया जाता है। इसकी जांच की जायेगी और जांचों उपरांत कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल डीलर को निर्देश दिया गया है कि बुधवार को हरहाल मे अनाज वितरित करें।

## राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करें देशवासी: उपायुक्त



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार संविधान दिवस के अवसर पर आज समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया। आगे उन्होंने कहा कि प्रस्तावना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर शपथ लेते हैं कि समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करें।

## व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में संविधान दिवस मनाया गया




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को सस्वर दुहराया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के अधिवक्तागण, कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर याद किये गये बाबा अंबेडकर



सेन्हा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया में 26 नवंबर को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू के द्वारा रैली, पौधारोपण, सफाई जैसे अनेकों कार्यक्रम का आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक भगत ने कहा कि देश को आजादी मिलने के उपरांत राष्ट्र को सुचारू ढंग से चलने के लिए संविधान का निर्माण किया गया।

# जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार




मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने पत्रकारों को बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि तुबैद कोल माइंस बालूमाथ कुशमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाईवे में आगजनी व फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बंदुआ जंगल के इलाके में फिर से आगजनी वह फायरिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए एक जगह इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंदुआ जंगल में पहुंच गयी। वहीं जब उग्रवादियों ने पुलिस बल को देखा तो फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादियों के फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पर उग्रवादी पुलिस को भारी पड़ता देख अपने हथियार और गोली को झाड़ियां में फेंकते हुए भागने लगे। आगे पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस बल के द्वारा भाग रहे उग्रवादियों में से दो उग्रवादियों को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये उग्रवादियों में से नाम अजय कुमार उर्फ अजय गंझु पिता विफा गंझु बंदुआ हेरहंज थाना का रहने वाला है। दूसरे की पहचान उपेंद्र यादव पिता राधेश्याम यादव बदई बथान थाना मनिका का रहने वाला है।

गिरफ्तार उग्रवादियों के निशान देही पर घटनास्थल से पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी परमानंद बरवा सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार मेनका थाना प्रभारी शशि कुमार हेरंज थाना प्रभारी कृष्णानंद सिंह बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार मिथिलेश पासवान सुबोध कुमार सिंह उमाकांत उमा पद महतो आफताब आलम और सेट वन और सेट 207 बल के जवान शामिल रहे।

## 13 पीस सखुआ बोटा के साथ सात गिरफ्तार



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के हेहेगड़ा मंगरदाहि जंगल के रास्ते में गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने उड़नदस्ता टीम व छिपादोहर पुलिस टीम के साथ लकड़ी तस्करों द्वारा अबैध रूप से 13 पीस सखुआ का बोटा साइकिल के मदद से ले जाया जा रहा था, जिसे बरामद किया है। वन कर्मियों और छापामार दल को देखते ही कई मजदूर भागने में सफल रहे। वहीं सात लोग कमलेश यादव, कृष्ण यादव,चंद्रदेव यादव सोनू यादव, नागेंद्र यादव, दिलेश्वर यादव, लालू यादव को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। जिन पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया वही इनके पास से सात साइकिल और लड़की चिरान करने का सामग्री भी बरामद किया गया।

# दूसरी जगह सड़क बनाने का विरोध, काम बंद कराया

## कुम्हरिया अंबाटोली से नहीं बनाकर कुम्हरिया महलीटोली से बन रही थी सड़क

**सड़क निर्माण का योजना स्थल बदलने पर ग्रामीणों ने किया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत अकाशी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुम्हरीया अंबाटोली से कसपुर तक एक किलोमीटर 200 मी दूरी का सड़क बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण योजना का प्राक्कलन एक करोड़ 42 लाख है। इस सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। कुम्हारिया अंबा टोली गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह सबसे सुलभ रास्ता सड़क है। इस सड़क में ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से कुम्हारिया अंबा टोली से नहीं बनाकर कुम्हरिया महली टोली से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार इस योजना में ज्यादा से ज्यादा राशि बचत करने के उद्देश्य से सड़क निर्माण योजना का स्थल बदल दिया है, इसका विरोध कुम्हारिया अंबा टोली के ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। कुम्हारीया अंबाटोली के ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार की मनमानी को विरोध करते हुए काम को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों के द्वारा इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लंबे समय के बाद इस सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई परंतु ठेकेदार की मनमानी के कारण योजना स्वीकृत होने के बाद में गांव के ग्रामीणों को इस योजना के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना स्थल पर काम बंद करने और विरोध करने के समय मुख्य रूप से चंद्र उरांव, जमील अंसारी, इदरीस अंसारी, जमील अंसारी, निरंजन साहू, नासिर अंसारी, हैदर अंसारी, मोहम्मद अंसारी, विजय साहू, आशिक अंसारी, विकास साहू, बरूंगा उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



### योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जायेगा : कनीय अभियंता

इस संबंध में इस योजना की तकनीकी देख करने वाले विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र पंडित ने कहा कि ग्रामीणों का विरोध की सूचना मिली है। ठेकेदार को योजना स्थल दिखा दिया गया था, इसके बावजूद अगर दूसरे जगह काम किया गया होगा, तो योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जायेगा। ठेकेदार द्वारा किये गये काम का निरीक्षण किया जायेगा। योजना स्वीकृत स्थल पर ही काम करने का काम किया जाएयेगा। ठेकेदार की मनमानी नहीं चलेगी। योजना का स्वीकृति ग्रामीणों की लाभ के लिए की गयी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत


लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा - टोरी रेलखंड के कमले स्टेशन से पूर्व रेलवे पोल संख्या 497 के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान हेसल कारिटोली निवासी भोला उरांव 60 पिता स्व सुखदेव उरांव के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही रेलवे व कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चौकीदार शम्सुल अंसारी और अनिल उरांव के साथ लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। फिलहाल रेलवे और स्थानीय थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उपायुक्त ने किया किस्को स्थित छात्रावास का निरीक्षण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को किस्को प्रखण्ड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रुपये की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने जिम में इस्तेमाल किये गये उपकरणों का भी अवलोकन किया। भ्रमण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी किस्को, संबंधित विभाग के अभियंतागण आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने फरियादियों की सुनी बात, दिया आश्वासन



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी और अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

## धोबी महासंघ की बैठक एक दिसंबर को रांची में

कुडू (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव में धोबी समाज से जुड़े दो प्रत्याशियों कांके से कांग्रेस की टिकट पर जीतने वाले सुरेश कुमार बैठा तथा झामुमो के टिकट पर चंदनकियारी विधानसभा सीट पर विजयी होने वाले उमाकांत रजक के सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश की बैठक आगामी एक दिसंबर को रांची के जोहार रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदेश के सभी पदधारी सभी जिला अध्यक्ष, सचिव तथा केंद्रीय पदधारी शामिल होंगे।

## बाइक और टेंपो की भिड़ंत, चार घायल, एक गंभीर



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित कुल्हि नाला शिव मंदिर के समीप टेंपो और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी, जिसमें टेंपो चालक व मोटरसाइकिल चालक समेत चार लोग अरविंद सिंह उम्र 27 देवलाल सिंह, विकास सिंह उम्र 18 श्रवण सिंह मनदीप सिंह उम्र 22 रमेश सिंह, विनोद सिंह उम्र 35 स्व:कन्हाई सिंह (उसरी पांकी) घायल हो गये। वहीं अरविंद सिंह, विकास सिंह, मनदीप सिंह की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिसे रेफर कर दिया गया है। वहीं सड़क दुर्घटना की खबर सुन कांग्रेस नेता सह विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम भाकपा माले के नेता बिरजू राम अस्पताल पहुंच कर अपनी देखरेख में प्राथमिक उपचार कराया। वहीं बरवाडीह पुलिस मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## कोल्हान की खबरें

# भालकी पंचायत में प्लस टू हाइस्कूल स्थापित करना पहली प्राथमिकता है : रामदास सोरेन

**घाटशिला से विधानसभा चुनाव जीतने के बाद विधायक रामदास सोरेन ने गुड़ाबांदा क्षेत्र का किया दौरा, कार्यकर्ता और ग्रामीणों को दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधायक रामदास सोरेन 2024 के विधान सभा चुनाव जितने के बाद गुड़ाबांदा क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर भालकी में जिला सदस्य बिमल कर्मकार और प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू के नेतृत्व में सैकड़ों झामुमों कार्यकर्ताओं ने विधायक रामदास सोरेन को फूलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र भेट कर पारंपरिक रीति रियाज से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक श्री सोरेन ने कहा कि भालकी पंचायत में प्लस टू हाईस्कूल स्थापित करना पहली प्राथमिकता है। श्री सोरेन ने कहा कि प्रखंड में एक ही बैंक है, लोगों को काफी असुविधा हो रही है। नये बैंक की शाखा आरंभ कराने की कोशिश करेंगे। मौके पर गुड़ाबांदा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, बिमल कर्मकार, राजेश सोरेन सहित सैकड़ों ग्रामीण और गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान



घाटशिला। घाटशिला कॉलेज में संविधान दिवस पर एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन उपस्थित हुए। उन्होंने रक्तदाताओं और रक्तदान शिविर के आयोजन में सहयोगियों की सराहना किया तथा सभी को अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में कुल 166 लोगों ने पंजीयन करवाकर रक्त जांच करवाया। इनमें 55 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया।

## चाकुलिया में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

# डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने झामुमो समर्थकों पर लगाये धमकी और उत्पीड़न के आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** चाकुलिया के पुराना बाजार स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने की। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, विधानसभा प्रभारी नंदजी प्रसाद, पद्मश्री जमुना टुडू, शंभूनाथ मल्लिक, हरि साधन मल्लिक, शतदल, रोहित पति समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



**चुनाव परिणाम पर डॉ. गोस्वामी का संदेश :** बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. गोस्वामी ने बहरागोड़ा विधानसभा चुनाव के नतीजों को जनादेश का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा को 78,000 से अधिक वोट मिले, जो पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

**झामुमो समर्थकों पर गंभीर आरोप :** डॉ. गोस्वामी ने हाल के दिनों में चाकुलिया और बहरागोड़ा में घटित घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो समर्थक जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में पटाखे फेंक रहे हैं, उन्हें धमकियां दी जा रही हैं, और सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** डॉ. गोस्वामी ने प्रशासन से अपील की कि असामाजिक तत्वों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और भाजपा कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर सभी थानों में लिखित शिकायतें दर्ज करायी जायेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इन घटनाओं की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी है और सोशल मीडिया पर की गयी अभद्र टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट भी साझा किये हैं।

## पोटका में संजीव सरदार का किया गया स्वागत



घाटशिला। विधानसभा चुनाव में पोटका से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने के बाद प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तेतला में समाजसेवी मनोज कुमार सिंहदेव के नेतृत्व में विधायक संजीव सरदार का स्वागत किया। मौके पर मनोज सिंहदेव ने कहा कि विगत पांच वर्षों में विधायक द्वारा क्षेत्र में जनता की सेवा और विकास कार्यो के संचालन में जो सक्रियता दिखायी है, इसे देखते हुए जनता ने उन्हें दोबारा विधायक के रूप में चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बेहतर कार्य कर जनता के अपेक्षा पर खरा उतरेगी इसकी आशा समाज के सभी वर्गों की है। इस अवसर पर समाजसेवी सुकुमार गोप, सोमेन मंडल, अमित पाल, राधेश्याम नंदी, कालटू पालित, आफताब, अमजद, पुलक मंडल आदि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों की कानून बनाने में रुचि बढ़ जाये, तो विसंगतियां खत्म हो जायेंगी : सरयू

**संविधान दिवस पर जिला बार एसोसिएशन ने विधायक सरयू राय को किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में सदस्यों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतीन दास ने श्री राय का स्वागत किया। उसके बाद जनरल सेक्रेट्री राकेश रंजन, अधिवक्ता बरियार, बलई पांडा, राजहंस तिवारी, आरडी सिंह व कमेटी के अन्य सदस्यों ने बारी बारी से विधायक सरयू राय का स्वागत किया। मौके पर जिला बार कमेटी के सदस्यों ने अपनी जरूरतों को श्री राय के समक्ष रखा। श्री राय ने उन्हें आश्वस्त किया वह इन मांगों को पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।



मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कि भारतीय संविधान एक लचीला संविधान है। हम सभी अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं। आप अधिवक्ता हैं तो आप लोगों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। हम लोग राजनीति में हैं तो नियम-कानून बनाते हैं। विधानसभा में हम लोग बैठते हैं। अगर नियम-कानून सही तरीके से बन जाएं तो आज जो भी विसंगतियां हमें दिख रही हैं, वह नहीं दिखेंगी। हम लोग जब कानून बनाने के लिए बहस करते हैं तब विधानसभा हो या लोकसभा, सबसे कम संख्या रहती है। जिनके जिम्मे हमने कानून बनाने का काम सौंपा है। जिन्हें हमने निर्वाचित करके विधानसभा या लोकसभा में भेजा है। उनकी रुचि थोड़ी अगर बढ़ जाए, वो कानून के निर्माता बन जायें, वो कानून को शक्ति से तौलने वाले न बन जाएं तो हमारी स्थिति बेहतर हो जायेगी। अदालतों से बोझ हटेगा और अधिवक्ताओं को अपनी भूमिका निभाने में सहूलियत होगी। विधायक सरयू राय ने कहा यह संक्रमण का दौर है। इस अवसर पर जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्य के अलावा सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

### ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-03/2024-25

पत्रांक – 849 गढ़वा / दिनांक – 25.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पुरानपानी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम– खजुरी, पंचायत– परसवार, प्रखण्ड– बड़गड़, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 50,71,512/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07.12.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 22.12.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23.12.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 340342 Minor Irrigation (24-25)_D

# नौकरी दिलाने के नाम पर 28.20 लाख लेकर फरार हुई डुमरडीह की रोहिणी देवी

## 17 महिलाओं ने डीसी और थाना प्रभारी को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरडीह गांव में नौकरी दिलाने के नाम पर 17 महिलाओं से विभिन्न बैंकों द्वारा लोन निकलवा कर 28 लाख 20 हजार ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर ठगी की शिकार 17 महिलाओं ने गुमला उपायुक्त और गुमला थाना में आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। डीसी और थाना को दिये गये आवेदन में महिलाओं ने बताया डूमर डीह गांव निवासी रोहिणी देवी पति



नागेंद्र सिंह ने नौकरी दिलाने के नाम पर गांव के 17 महिलाओं से गुमला के विभिन्न बैंकों से लोन निकलवाइ और कहा तुम लोगों का सारा पैसा 21 नवंबर 2024 तक लौटा देंगे। इसके बाद रोहिणी देवी ना तो रुपया लौटाई और ना हीं नौकरी लगाई। हम लोग बहुत गरीब परिवार से हैं अब हम लोगों को बैंक वाला परेशान कर रहा है। वही रोहिणी देवी गांव छोड़कर फरार हो गयी है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है।

ममता देवी से 2 लाख 50 हजार, देवंती देवी से 2 लाख, सुमित्रा देवी से 2 लाख, मीना देवी से 2 लाख, अश्रिता देवी से 60 हजार, पूजा कुमारी से 1लाख 20 हजार, किरण कुमारी से 50 हजार, रजनी देवी से 5 लाख 50 हजार, पूनम देवी से 1 लाख 50 हजार, संगीता देवी से 5 लाख, पूर्णिमा गोस्वामी से 50 हजार, रेणु देवी से 80 हजार, तेतरी देवी से 80 हजार, बालमती देवी से 50 हजार, जानकी कुमारी से 60 हजार, विमला देवी से 1 लाख और बिना देवी से 1 लाख विभिन्न बैंकों से निकलवा कर पैसा लेकर चंपत हो गयी। महिलाओं ने थाना प्रभारी गुमला और उपायुक्त को आवेदन देकर पैसा लौटाने और महिला पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# अखाड़ा कोनबीर में बंदई पर्व मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** डोयसागड़ परगना महाडोकलो खड़िया समिति बसिया के द्वारा सरहुल अखाड़ा कोनबीर में बंदई पर्व मिलन समारोह 2024 का भव्य तरीके से आयोजन किया गया। यह बंदई पर्व मिलन समारोह में मुख्य रूप से गाय बैल की पूजा की जाती है। खड़िया समाज के द्वारा लक्ष्मी पूजा को अपने पारंपरिक तरीके से मनाया जाना ही बंदई पर्व है। इस मौके पर खड़िया समाज के अखिल भारतीय खड़िया महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, जिलाध्यक्ष रतिया इंदवार, जॉन अगुस्तिन टेटे, सुजीत टेटे, सुशील केरकेट्टा, राजेश खडिया, दिनेश खडिया, इस्माइल सोरेंग, समेत समाज के वक्ताओं ने



खड़िया समाज के इतिहास, रहन सहन, भाषा संस्कृति, राजनीतिक आर्थिक चेतना के साथ ही बंदई पर्व के महत्व पर विस्तारपूर्वक अपने अपने विचारों को रखा गया।

खड़िया समाज के 172 खोड़हा दल के द्वारा पारंपरिक परिधान पहन कर अपने भाषा संस्कृति अनुसार सांस्कृतिक नृत्य का प्रस्तुति दी गयी। मंच संचालन दुर्गा पहान और यूजीन कुल्लू द्वारा किया गया। इस मौके पर रितूवा कुल्लू, राजेश खडिया, दिनेश खडिया, एमलेन कुल्लू, एनिमा डूंगडुंग, निकोलस किंडो, बुद्धदेव पहान, चैतू उरांव, बासुदेव भगत, राजेश कुल्लू, दशमी कुल्लू, लियोन कुल्लू, प्रफुल्लित बिलुंग, समेत हजारों खडिया समाज के लोग, प्रखंड के मुखिया उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए रात के अंधेरे में हो रही है पशुओं की तस्करी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए रात के अंधेरे में पशु तस्कर लगातार बेधड़क होकर प्रतिबंधित पशुओं का अवैध तस्करी कर रहे है। ऐसा ही मामला बसिया के कोनबीर में देखने को मिला। जहां मंगलवार सुबह 5: 00 बजे एक कंटेनर ट्रक में प्रतिबंधित पशु को सिमडेगा से रांची की ओर ले जाया जा रहा था लेकिन कोनबीर एनएचपीसी मैदान के पास कंटेनर वाहन खराब हो गया। इसके बाद तस्कर आनन फानन मे सभी पशुओं को नीचे उतार दिये और स्थानीय गाड़ी मिस्त्री से को बुलाकर गाड़ी का



मरम्मत कराने लगे सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने तब उन्हें देखा की एक कंटेनर वहां मैदान में खड़ी है और कई पशु मैदान में है। गाड़ी बनने के बाद पशु तस्कर गाड़ी लेकर फरार हो गये जबकि पशुओं को डर और जल्दबाजी के कारण वही पर छोड़ दिया गया। इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा बसिया पुलिस को दी गयी। इसके बाद बसिया पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि इस घटना के बाद यह तो जगजाहिर हो गया कि सिमड़ेगा से बसिया के रास्ते धड़ल्ले से पशुओं का अवैध तस्करी निरंतर जारी है।

## चार लोगों के विरुद्ध बसिया थाना में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विधुत अवर प्रमंडल कामडारा के कनीय अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में सोमवार को बिजली चोरी रोकने को लेकर चलाये गये छापामारी अभियान में पकड़ाये चार लोगों के विरुद्ध बसिया थाना में विधुत चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसमें कोनबीर भंडारटोली निवासी गौतम सिंह, श्रीबेड़ा निवासी जितवाहन साहू, कलिगा मरियमपुर निवासी संजय लोहरा और तिर्रा केमताटोली निवासी अनूप कुमार ओहदार शामिल है। इस छापामारी टीम में लक्ष्मण साहू, गंगाधर ओहदार, रवि शंकर राम समेत संवेदक कर्मी शामिल थे।

# 'डब्ल्यूसीएसएफ' कार्यालय में आयोजित सेमिनार में महिलाएं की गयीं सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता जागरूकता मिशन के तहत चैरिटी स्प्रिट फाउंडेशन के तत्वाधान में शास्त्री नगर स्थित कार्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुमला जिला सहित विभिन्न प्रखंडों से कोऑर्डिनेटर और महिला मित्रों की उपस्थिति रही। क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला मित्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार वर्मा और प्रियंका कुमारी उपस्थित रहे। जिनका उपस्थित लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ




स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जितेंद्र कुमार वर्मा ने कहा (डब्ल्यूसीएसएफ) एक ऐसी संस्था है जो महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं के स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार के प्रति समर्पित है। महिलाओं में होने वाले किसी भी तरह के हिंसा से बचाव के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी कार्य करती है। साथ ही प्लास्टिक फ्री पैड का वितरण भी किया जाता है।

पैड्स से प्राप्त पैसों का उपयोग गरीब कन्याओं का विवाह, गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप, आदिम जनजाति के लोगों के बीच समय-समय पर खाद्य सामग्री और बच्चों की पढ़ाई में सहायता के लिए दी जाती है। साथ ही गरीबों के बीच भोजन वस्त्र आदि का वितरण भी किया जाता है। संस्था द्वारा गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता है। इसके अलावा अनाथ बच्चों की पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्च संस्था वहन करती है। कैंसर के मुफ्त इलाज के लिए संस्था बृहद पैमाने पर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में काफी संख्या में गुमला सहित विभिन्न प्रखंडों से कोऑर्डिनेटर और महिला मित्र उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। बीडीओ यादव बैठा ने लोगों को संविधान में उल्लिखित प्रस्तावना और कर्तव्यों की शपथ दिलाई। बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता।



संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। 26 नवंबर 1949 के दिन देश की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। इसलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। कहा कि इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धांत और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। मौके पर महिला पर्यवेक्षीका अंजली वर्मा ,प्रभारी बीपीआरओ संदीप टेटे और प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर बीडीओ की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में संविधान दिवस पर बीडीओ की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड, अंचल कर्मी और अन्य ग्रामीणों ने संविधान को लेकर शपथ लिया।



मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान का उद्देश्य भारतीय नागरिकों को एकजुट करना उन्हें उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है। भारतीय संविधान के अनुशासन और सिद्धांतों का हर नागरिक अपने और समाज में समानता और न्याय की भावना को बढ़ावा दे। वही बीडीओ ने यह भी कहा कि संविधान ने हमें न्याय समानता और स्वतंत्रता जैसे मूल अधिकार दिये हैं। हमें अपने कर्तव्यों का इमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की जरूरत है। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल, पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का सहित प्रखंड के कई कर्मी अंचल कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संविधान दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** हमारा संविधान विविधताओं से भरे इस देश में हमें एकसूत्र में पिरोने का काम करता है उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने संविधान दिवस पर विद्यालय के सभागार में कहीं। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान की विशेषता एवं महत्व से अवगत कराया। इससे पूर्व वंदना के उपरांत विद्यालय के भैया बहनों ने अपने देश के संविधान पर अपने विचार रखें। भैया प्रवीण कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के सभी भैया बहनों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य योगेंद्र कुमार, अयोध्या चौबे, देवेंद्र तिवारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य जी और दीदी जी की उपस्थिति रही।

## प्रखंड मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हांसदाक ने संविधान का प्रस्तावना पढ़े। और संविधान के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान बना था और 26 नवंबर1950 को संविधान को देश में लागू किया गया था। इस मौके पर उपप्रमुख दीपक कुजूर, मुखिया चुंया कुजूर, प्रखंड समन्वयक संजय ओहदार, मनीष कुमार, विकी कुमार, जगरनाथ उरांव और अन्य कर्मी मौजूद थे।

## नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने रांची पहुंचेंगे जेएमएम के कार्यकर्ता और पदाधिकारी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** 28 नवंबर को नयी हेमंत सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में बसिया प्रखंड से भी भारी संख्या में आम जन, जेएमएम के पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी रांची जायेंगे। इस संबंध में सुकरात उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि बसिया प्रखंड से दस बसों की व्यवस्था की गयी है और सभी बस निर्धारित स्थान पर सुबह 7 बजे लग जायेगी।

# नवनिर्वाचित विधायक भूषण तिर्की को मंत्रिमंडल में किया जाये शामिल: अख्तर

> चूंकि भूषण तिर्की झामुमो के वफादार सिपाही की तरह हर दम अडिग रहे हैं, इसलिए वह मंत्री पद के हकदार हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के गुमला जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, नगर अध्यक्ष मोहम्मद हसन उर्फ लड्डुन ने नवनिर्वाचित विधायक भूषण तिर्की को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग की है। साथ ही गुमला अंजुमन इस्लामिया के सदर, सचिव और कई अन्य पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भूषण तिर्की को मंत्री मंडल में शामिल करने का आग्रह किया है। बता दें कि गुमला जिला में विधानसभा चुनाव 2024 में सिसई, गुमला और बिशुनपुर तीनों विधानसभा में झामुमो के प्रत्याशियों ने विजय हासिल किया।

इससे पूर्व में भी सिसई, बिशनपुर एवं गुमला विधानसभा का तीनों सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में आई थी। ऐसे में



कलीम अख्तर कल्लन



हसन खान उर्फ लड्डुन।

गुमला जिला वासी ,इंडिया गठबंधन के समर्थको तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं, समर्थकों की मांग है कि गुमला विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक भूषण तिर्की को झारखंड मंत्रालय में जगह दी जाये। चुंकि भूषण तिर्की झामुमो के वफादार सिपाही की तरह हर दम अडिग रहे हैं इसलिए वह मंत्री पद के हकदार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन और नगर अध्यक्ष मोहम्मद हसन उर्फ लड्डुन ने एक अन्य सवाल के उत्तर में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की जीत राज्य के जनता की जीत है। उन्होंने आम लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा है कि गुमला जिला वासियों ने जिस उम्मीद से अपना कीमती वोट देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार को जीत दिलाई है झामुमो भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेगा। दोनों नेताओं ने कहा कि उन सभी का आदर सम्मान में किसी तरह का कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। राज्य में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हमारी सरकार आम लोगों तक जरूर पहुंचायेगी। क्योंकि हमारे मुख्यमंत्री जो कहते हैं वह करते हैं।

# संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को प्रस्तावना की दिलायी गयी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में मंगलवार को धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। इस निमित्त वंदना सभा में विद्यार्थियों को प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की जानकारी देते हुए बताया कि भारत में 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 1949 में 26 नवम्बर को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने के भारत सरकार के फैसले को अधिसूचित किया. कक्षा नवम से द्वादश के लिए आयोजित इंटर हाउस क्विज कंपटीशन में विद्यालय के चारों हाउस की टीम ने क्विज में अपनी भागीदारी



निभाई। बताते चलें कि बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाने और समसामयिक विषयों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने की दृष्टि की इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्विज मास्टर की भूमिका पवित्र कुमार मोहंती ने निभायी। क्विज में हंसराज हाउस की अदिति कुमारी, ताशा झा, पल्लवी कुमारी और आयुष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दयानंद हाउस एवं श्रद्धानंद हाउस ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम से सप्तम के लिए प्रदर्शनी आयोजित की गयी। जिसमें सातवीं अ की छात्रा सारिका पोदार ने प्रथम, सातवीं स की छात्रा परिधि ने द्वितीय स्थान और सातवीं स की छात्रा दर्शना सृष्टि तृतीय स्थान पर रही।इस प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका श्री कार्तिक राहा, दिलीप कुमार मेहता और श्री रमंत अशीष ने निभायी। सभी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने बच्चों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हाथियों ने धान किया नष्ट, मुआवजे की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर गांव निवासी विकास टोप्पो के खेत मे लगे धान की फसल को सोमवार की रात चार जंगली हाथी ने खाकर और रौन्दकर बर्बाद कर दिया। पीड़ित विकास टोप्पो ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि खम्हन जंगल के समीप लगभग दो एकड़ में धान का फसल लगा है और उसको काटने वाले ही थे, लेकिन चार जंगली हाथी आए और धान की फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। किसान ने बताया साल भर खाने का अन्न को जंगली हाथी ने बर्बाद कर दिया। मैं कैसे अपने परिवार का पालन पोषण करूंगा। मुझे चिंता हो रही है।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में लोगों ने रखी अपनी-अपनी समस्याएं

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सोसो ग्राम निवासी ज्योति देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद वह अपने पुत्र का पालन-पोषण स्वयं कर रही हैं। उनके पुत्र का दाहिना पैर दो माह पूर्व टूट गया था, जिसका इलाज रांची रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने उपायुक्त से इस उपचार में सहायता की मांग की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अम्बेडकर नगर की श्वेता कुमारी और खुशी कुमारी ने उपायुक्त से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने में सहयोग का अनुरोध किया। इसी तरह, गुमला निवासी श्वेता कुमारी ने अपने आवेदन में बिजली बिल माफ करने का आग्रह किया। भरनो के विजय कुमार ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और सड़क चौड़ीकरण के दौरान जमीन अधिग्रहण से संबंधित समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि स्कूल चौक, भरनो में उनकी 3.5 डिसमिल जमीन है, जिसमें से 3 डिसमिल सड़क चौड़ीकरण के लिए ली गयी है, और शेष आधा डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। रायडीह के सुरसांग निवासी सुमन सोरेंग ने मुर्गी शेड निर्माण की मांग करते हुए अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

## सेल क्रिकेट चैंपियनशिप 2024-25 का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और कॉर्पोरेट कार्यालय के निर्देशों के अनुरूप, बोकारो स्टील प्लांट 'सेल क्रिकेट चैंपियनशिप 2024-25' की मेजबानी कर रहा है। यह टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू हुआ, जो 30 नवंबर तक सेक्टर-4 क्रिकेट स्टेडियम और ट्रेनीज हॉस्टल मैदान संख्या-01 में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न इकाइयों से कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। चैंपियनशिप का उद्घाटन मंगलवार को अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एके अविनाष, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सीआरके सुधांशु, सहायक महाप्रबंधक (एस एंड सीए) सुभाष रजक आदि मौजूद थे।

### विश्रामपुर में निकला राजद का विजय जुलूस, जम कर हुई आतिशबाजी

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास : नरेश प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर से नवनिर्वाचित राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने मंगलवार को विजय जुलूस निकला। विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाजार चौक से विजय जुलूस की शुरूआत हुई। विश्रामपुर नगर भ्रमण के बाद जुलूस रेहला शहर पहुंचा, जहां डंडीला कला चौक पर विधायक का जोरदार स्वागत हुआ। इस बीच थाना चौक पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने माल्यार्पण किया। कहा कि जनता ने जिस उम्मीद के साथ



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह।

आशीर्वाद के रूप में उन्हें अपना कीमती वोट दिया है उन उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाऊंगा। इस मौके पर युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा, रमेश चौबे, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, अनिल ठाकुर, संजय उपाध्याय, सरयू चौहान, नासिर अंसारी, इम्तियाज अहमद, संजय मेहता, दिनेश मेहता, फिरोज खान, नयाजुदीन अंसारी, सोनू खलीफा, रामप्यारी यादव, संतोष राम आदि मौजूद थे।

## विधायक ने की भाजपा नेत्री से मुलाकात, क्षेत्र के विकास में मांगा सहयोग

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजद के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दरियादिली दिखाते हुए मंगलवार को स्वस्छ राजनीति का नमूना पेश किया। विजय जुलूस के दौरान वे डाला गांव से गुजर रहे थे। तभी भाजपा नेत्री संध्या सिंह के घर पहुंच गए। उन्होंने संध्या सिंह से क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की अपील की।

## हेमंत सोरेन से मिलकर अविनाश देव ने दी प्रचंड जीत की बधाई




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने राज्य के कार्यवाहक सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें राज्य की सत्ता में दूसरी बार वापसी की बधाई दी। कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सरकार के कामकाज के आधार पर दोबारा वोट देकर बहुमत की सरकार बनाने का मौका दिया है। हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार बनने से आदिवासी दलित, पिछडे शोषित, पीडित वर्ग के लोगों की हिम्मत बढी हैं। अब झारखंड में बेटिया बोझ नहीं रहेगी, बल्कि राज्य और समाज की ताकत बनेगी। ऐसा वातावरण मंईयां सम्मान योजना ने बनाया हैं।

# अब नहीं चलेगा वंशवाद, गरीब का बेटा बनेगा राजा : शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता




**पांकी/पलामू।** भले ही चुनाव मैनें जीता है, लेकिन उनका पूरा श्रेय जनता और एनडीए-भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है। जिनके सहयोग से पांकी में दूसरी बार कमल खिला है। मैं आप सभी का ऋणी हूं। ठीकेदारों ने मुझे बदनाम करने की साजिस के तहत सड़क में काम नहीं लगाया। वैसे ठेकेदारों पर नकेल कसूंगा। विकास कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उक्त बातें नवनिर्वाचित विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने ने कही। वे मंगलवार को लोहरसी चट्टी बाजार में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि थे, तो पूरे क्षेत्र में शाम सात बजे तक दुकाने बंद हो जाती थी। लेकिन मेरे कार्यकाल में नौ बजे तक सभी दुकानें खुली रहती है। व्यावसायी निर्भिक होकर व्यापार कर रहे हैं। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में वंसवाद अब नहीं चलेगा। राजा के बेटा राजा नहीं होगा, बल्कि गरीब के बेटा भी राजा बन सकता है। पांकी को अनुमंडल बनाने और लोहरसी प्रखंड बनाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करूंगा। कहा कि सरकार की मंशा ठीक नहीं रहने के कारण चाको सोनरे पीरि जमुने का सिचाई परियोजना का काम नहीं हो सका। सरकार को बाध्य कर उसे पूरा कराने की कोशिश करूंगा। चेताते हुए कहा कि जनवितरण दुकानदार सुधर जाए और गरीबों को अनके हक का अनाज दें, नहीं तो अपना लाइसेंस रद्द करवाने के लिए तैयार रहें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल उपध्यक्ष रंजय ठाकुर ने किया। इस मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, प्रकश मेहता, सुनील कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, साधु मांझी, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, मुकेश गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र मेहता, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जनता की सेवा करता रहूंगा : कमलेश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की सभी जनता के वे आभारी हैं। जिन्होंने इसस बार के चुनाव में उन्हें अपना मत दिया। कहा कि हार-जीत राजनीति का एक हिस्सा है। उनसे जरूर कुछ कमी हुई होगी। कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर जो सम्मान दिया है उसे वह कभी भूल नहीं सकते। कहा कि इस बार भी चुनाव में जनता ने उन्हें सम्मान दिया। हुसैनाबाद-हरिहरगंज की जनता परिवार की तरह है। वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ वह हमेशा रहेंगे। आरोप लगाया कि राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राज्य कोष का दुरुपयोग किया है। मतदान से एक दिन पहले योजनाओं की राशि लाभुको के खाते में भेज कर उन्हें वरगलाने का काम किया। जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, जनहित में उनसे वह भी हुसैनाबाद के विकास की अपेक्षा रखते हैं। वहीं, युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि जनता का आदेश सर्वोपरि है। इसे स्वीकार करते हैं। आशा करते है कि नवनिर्वाचित विधायक हुसैनाबाद की जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगें। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवाओं से ही हो सकता है बेहतर समाज का निर्माण: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** युवाओं को आदर्श के रुप में खुद को पेश करने से ही बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उक्त बातें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कही। वे सामाजिक कार्यकर्ता सौरव तिवारी के आवास पर नवदंपति को बधाई देने पहुंचीं थीं। बतातें चलें कि विगत दिनों सौरव तिवारी ने अपनी विधवा भाभी नेहा तिवारी से विवाह कर समाज को एक नया संदेश देने का प्रयास किया था। अरुणा शंकर को इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी के फेसबुक पोस्ट से हुई तो वे तुरंत नवीन तिवारी से बात कर इसकी जानकारी ली। उस समय वो महाकाल का दर्शन करने उज्जैन गई हुई थी। वहां से लौटने के बाद मंगलवार को नवदंपति को बधाई देने रेड़मा स्थित सौरव तिवारी के आवास पर पहुंचीं। अरुणा शंकर के साथ सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, सुनील गुप्ता, आशीष अदम्य, शशांक दूबे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संविधान दिवस पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने ली शपथ

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस पर मनातू प्रखंड कार्यालय में प्रखंड और आंचल कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ते हुए शपथ ली। बीपीओ रणधीर प्रकाश ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर का दिन खास है। यह वह दिन है जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने आजाद अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था। आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाने का एक मात्र बड़ा कारण पश्चिमी सभ्यता के दौर में देश के युवाओं के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी। इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत में दो साल 11 महीने और 18 दिन की लंबी मेहनत के बाद संविधान तैयार किया गया था। भारतीय संविधान देश के सभी नागरिकों को हर क्षेत्र में समानता का अधिकार देता है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान तैयार हुआ था और साल 1950 में 26 जनवरी के दिन इसे लागू किया गया था। यहां यह जान लेना भी जरूरी है कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान सभा के प्रमुख सदस्यों में पंडित जवाहरलाल नेहरू,डॉ भीमराव अंबेडकर,डॉ राजेंद्र प्रसाद,सरदार वल्लभभाई पटेल,मौलाना अबुल कलाम आजाद आदि थे। इस मौके पर कनिय अभियंता नवीन कुमार नीरज,आवास कोऑर्डिनेटर वसंत कुमार,विकास कुमार, राजेश कुमार,दाउद समर समेत कई प्रखंड कर्मी और अंचल कर्मी गण उपस्थित थे।

# ट्रेलर और ट्रक की भिड़ंत, चालक की मौत

### जेसीबी-क्रेन की मदत से वाहन में फंसे शव को निकाला गया बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरबार रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)- 139 मुख्य मार्ग पर सोमवार की रात एक खड़े ट्रक में ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए और चालक का शव केबिन में बुरी तरह फंस गया था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद चालक के शव को जेसीबी और क्रेन की मदत से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार एनएच 139 मुख्य मार्ग पर पहले से एक ट्रक सड़क के किनारे खड़ी थी। इसी बीच छत्तरपुर से औरंगाबाद की ओर जा रहा हाइवा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। इसकी जानकारी मिलते ही हरिहरगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला गया। जिसे पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक ट्रेलर चालक की पहचान राम बहादुर सिंह यादव (21) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रियोतीपुर का रहने वाला था। जेसीबी और क्रेन की मदद से केबिन में फंसे चालक के शव को निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था। सड़क से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और ट्रेलर को हटाकर आवागमन शुरू कराया गया है।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 Ranchi - 07/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Proposed LED Video Wall Display Installation and Stage Constructions Work in APJ Abdul Kalam Auditorium of Judicial Academy at Dhurwa, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1)वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 06.12.2024 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2)वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 16.12.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3)ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 17.12.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
(4)ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5)ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-02, Ranchi**

PR 340402 (Building)24-25*D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय , सिमडेगा

**नीलामी–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिलान्तर्गत के विभिन्न थानों में लवारिस वाहनों की कुल–66 दोपहिया वाहन की नीलीमी करने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त, सिमडेगा के द्वारा निलामी आदेश दिया गया है। निलामी होने वाली वाहनों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क0सं0 | वाहन का प्रकार | रजिस्ट्रेशन नं0 | इंजन नं0 | चेसिस नं0 | निंधारित न्यूनतम मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | सिमडेगा थाना | | | | |
| | | | | | |
| 1 | हरा रंग का कावासाकी | JH01B-3875 | – | – | 2800 |
| 2 | राजदूत मोटर साईकिल | – | 1926382 | 201926382 | 3200 |
| 3 | टी0भी0एस0 स्टार स्पोंट | – | C5SE81099503 | MD625MF 5381537772 | 3200 |
| 4 | कैनेटिक भेलोसिटी | JH01G-9245 | FB68005061 | FB68005384 | 2200 |
| 5 | टी0भी0एस0 फलैम | – | 0F6N81067680 | MD625BF6281N67107 | 5000 |
| 6 | स्पैलण्डर | JH07A-4848 | 03C18E47136 | 03C20F42400 | 1900 |
| 7 | पैशन प्लस | – | 04008M43188 | 04H09C14244 | 2800 |
| 8 | बजाज बौक्सर | JH07A-9746 | DIMBLC45909 | DFFBLC31052 | 1900 |
| 9 | स्पैलण्डर | BR17F-2189 | 00E18E09284 | 00E20F10496 | 2000 |
| 10 | टी0भी0एस0 जीवे | JH20A-6113 | 0V1FA1043157 | MD625AV1XA1F42988 | 1700 |
| 11 | यामाहा आर एक्स 100 | WB-4706 | 1L2017417 | 9601L201741 | 1400 |
| 12 | टी0भी0एस0 एक्सल हैभी डियूटी | JH07A-1000 | – | MD621BD1X71F89805 | 1700 |
| 13 | यामाहा लैब्रो | – | 5TS4018165 | 05J5TS4018165 | 5100 |
| 14 | काबासाकी बॉक्सर | JH07-6161 | DDMBGB15971 | – | 1900 |
| 15 | टी0भी0एस0 स्टर स्पोंट | – | CF5K81150070 | MD625MF5981K72573 | 2300 |
| 16 | यामाहा आर एक्स 100 | – | 1L1520687 | – | 2100 |
| 17 | टी0भी0एस0 सेन्ट्रा | JH07A-7862 | N5010010 | MD624AH1742D48027 | 1900 |
| 18 | टी0भी0एस0 हैभी डियूटी | JH20A-7590 | – | MD621BD17B1B44206 | 1600 |
| 19 | पैशन प्रो | – | HA10EC9GF17938 | MBLHA10EN9GF13009 | 4000 |
| 20 | हीरो होण्डा सी0डी0 | MP26KA-0684 | 00K13E13935 | – | 2100 |
| 21 | स्कुटर | BR14B-1035 | – | – | 1600 |
| 22 | हीरो होण्डा सी0बी0जेड | JH07A-5668 | KC12EVAGG07849 | MBLKC12ECAGG07590 | 1500 |
| 23 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर | CG04CA-7166 | 02J18E21808 | 02J20F22597 | 2000 |
| 24 | यामाहा मोटर साईकिल | JH01C-8515 | 5USOO5845 | 02H5US005345 | 5100 |
| 25 | रायल इन्फील्ड मोटर साईकिल | – | 256008 | – | 6200 |
| 26 | स्पैलण्डर | – | 05D15E22990 | – | 2700 |
| 27 | सी0डी0 100 एस0एस0 | – | 03B13E05197 | – | 4100 |
| 28 | टी0भी0एस0 स्टर स्पोंट | – | CF5A91190090 | MD625MF5191A99368 | 4300 |
| 29 | टी0भी0एस0 विक्टर | – | N3305M5400101 | N3305F537647 | 3900 |
| 30 | यामाहा | – | 5TSB004032 | ME15TS0B682004035 | 4100 |
| 31 | कावासाकी क्लेभर | – | MBHK74978 | 0DFB6B65405 | 2800 |
| 32 | टी0भी0एस0 | – | CF6BD81029948 | MD625B5613B290 | 4100 |
| 33 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर प्लस | – | 03E15M07110 | 03K16C23491 | 2900 |
| 34 | यामाहा | – | 5TSA000338 | ME15TS0A482000255 | 1200 |
| | ओड़गा ओ0पी0 | | | | |
| 35 | हीरो एचएफ डिलक्स मो0सा0 | – | EA11EGD9B17530 | MBLHA11BVD16250 | 3600 |
| 36 | हीरो होण्डा सी0बी0जेड मो0सा0 | JH01AJ-8714 | K012EBBGB14092 | MBLKC12ECB14068 | 6900 |
| 37 | लाल रंग हीरो पैशन प्रो | JH20A-3526 | – | MVLHA10EWCGA12886 | 8200 |
| 38 | ब्लु रंग पैशन प्रो | JH20B-3569 | – | MBLHA10EUB9C | 6200 |
| 39 | काला रंग का पैशन प्रो | – | – | MBLHA10AW0FH57236 | 9100 |
| 40 | नीला रंग का पैशन एक्स प्रो | JH20B-2910 | – | ABLJA12ACEBCD2326 | 8300 |
| 41 | काला रंग का पैशन प्रो | – | – | MBLHA10BJEHH11768 | 9900 |
| 42 | काला रंग का पैशन प्रो | JH20B-7324 | – | MBLHA10EWBGL25565 | 8100 |
| 43 | बजाज पल्सर | OR14S-2336 | – | – | 7500 |
| | बानो गिरदा | | | | |
| 44 | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | BR14K-0040 | – | – | 3400 |
| | टी0टॉगर थाना | | | | |
| 45 | पुराना स्कूटर | ORE-866 | OSE195623 | – | 2200 |
| 46 | पुराना स्कूटर | – | E93301655 | – | 2100 |
| 47 | पुराना स्कूटर | BR14B | E08PM004581 | | 2200 |
| 48 | एच डी0 मोटर साईकिल | OR-2235 | IJD250012699 | – | 2300 |
| 49 | पुराना एचडी मोटर साईकिल | – | IJB250017750 | – | 2100 |
| 50 | राजदूत मोटर साईकिल | BR14S-0511 | – | – | 2100 |
| 51 | राजदूत मोटर साईकिल | BR41-1453 | – | – | 2000 |
| 52 | यामाहा लिब्रो | JH01A-3163 | – | – | 2200 |
| 53 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर | JH01B-7149 | QBA18F29771 | – | 2000 |
| 54 | टी0भी0एस0 | – | OPSL61305893 | MD2654F5061C80779 | 2600 |
| 55 | पैशन प्रो | – | HA10ENDHE796 | MBLAI0AWD76501 | 4100 |
| 56 | हीरो होण्डा स्पैलण्डर प्लस | – | 03M15M36045 | 03M16CB9798 | 3100 |
| 57 | हीरो होण्डा सुपर स्पैलण्डर | – | 06MAC1291 | 06MACF13076 | 4000 |
| 58 | हीरो होण्डा ग्लैमर | CG14C-2263 | JA06EJBGE1129 | – | 4200 |
| 59 | हीरो होण्डा सुपर | OR14P-7019 | 06CALED6698 | 06CACFD7053 | 3900 |
| | कुरडेग थाना | | | | |
| 60 | हीरो होण्डा सी0डी0 डिलक्स | OR16D-5893 | – | – | 8000 |
| 61 | बजाज पल्सर | OD 16 1339 | – | – | 12000 |
| | बोलबा थाना | | | | |
| 62 | सी0बी0जेड एक्सट्रीम | OR14R-6419 | – | – | 7000 |
| | केरसइ थाना | | | | |
| 63 | पैशन प्रो मो0सा0 | JH01AL-6928 | – | – | 2300 |
| 64 | हीरो होण्डा स्पलैण्डर | OR14U-9432 | – | – | 8500 |
| 65 | बॉक्सर कावासाकी मो0सा0 | CG04A-0891 | – | – | 7500 |
| 66 | यामाहा मो0सा0 | Without No. | Tampered | Tampered | 11000 |

उपर्युक्त वाहन को पुलिस केन्द्र, सिमडेगा में भौतिक रूप से से देखा जा सकता है। वाहन के संबंध में किसी प्रकार की सूचना पुलिस केन्द्र स्थिति परिवहन शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। उक्त वाहन की निलामी, गठित समिति के द्वारा दिनांक....16.12.2024.को समय11.बजे से पुलिस केन्द्र, सिमडेगा में किया जायगा।
नीलामी में भाग लेने वाले आम नागरिकों को निम्नलिखित शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा:–

1. नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी से पूर्व दिनांक 11. 12. 2024. से 14 .12. 2024. तक 5,000/– (पॉच हजार) रू का बैंक ड्राफट/चेक/बुक/नगद राशि पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा के नाम से एस0बी0आई0 के प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। डाक बोलने में असफल होने पर प्रतिभुति राशि वापस कर दी जाएगी एवं डाक में सफल होने पर डाक राशि में सामायोजित कर ली जाएगी।
2. नीलामी की तिथि को समिति के अध्यक्ष द्वारा रद् किया जा सकता हैं। इसके लिए किसी प्रकार की अपील/मुआवजा मांग नहीं की जा सकती है।
3. उच्चतम् डाककर्ता द्वारा एक सप्ताह के अंदर नीलामी राशि पूर्ण रूप से यदि जमा नहीं की जाती है तो प्रतिभूति बैंक ड्राफट के रूप में जमा की गई राशि जप्त कर ली जाएगी।
4. निलामी का आधार जो वाहन जैसे है वैसे ही होगा। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी स्थिति में देय होगा। इसके विरूद्व किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकेगा।
5. नीलामी समिति के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा तथा नीलामी रद् करने या नीलामी की तिथि बढ़ाने हेतु निर्णय लेने में पूर्ण रूप से सक्षम होगें। समिति के द्वारा लिए गए निर्णय को चुनौती नहीं की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक–सह–अध्यक्ष,
निलामी समिति, सिमडेगा

PR 340384 (Simdega)24-25*D

## पंकज पांडेय ने की कुमार जयमंगल व योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाने की मांग



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पंकज पांडेय ने झामुमो के गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद और कांग्रेस के बेरमो विधायक कुमार जयमंगल को मंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में कांग्रेस का मजबूत प्रतिनिधित्व स्थापित करने के लिए कुमार जयमंगल को मंत्री पद मिलना चाहिए, ताकि पार्टी को मजबूती मिले। वहीं, योगेंद्र प्रसाद झामुमो के एक वरिष्ठ और कद्दावर नेता हैं। उनके पास पार्टी की विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का अनुभव है। जातीय समीकरण और जनाधार को ध्यान में रखते हुए, योगेंद्र प्रसाद को मंत्री बनाने से पार्टी को अधिक मजबूती मिलेगी। बताते चलें कि, बोकारो जिले की चार विधानसभा सीटों में से दो पर कांग्रेस और दो पर झामुमो ने जीत हासिल की है। कांग्रेस नेता ने तर्क दिया कि इस क्षेत्र के विकास और संतुलित नेतृत्व के लिए इन दोनों नेताओं को मंत्री पद दिया जाना चाहिए।

## जदयू प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात कर दी जीत की बधाई



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया से एनडीए समर्थित भाजपा विधायक रागिनी सिंह की जीत पर जदयू के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह के नेतृत्व में सिंह मेंशन आवास पर जाकर उन्हें जीत की बधाई दी। इसमें ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक शामिल थे।

## भाजपा व लोजपा ने मनाया संविधान दिवस



**धनसार (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने मंगलवार को संविधान दिवस को संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान से ही दबे कुचले लोगों को उनका अधिकार मिलता है। हमें बाबासाहेब के विचारों के साथ उनके लिखे संविधान को जन-जन तक पहुंचाना है। वहीं, लोजपा नेता मुंद्रिका पासवान ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमें जो हक और अधिकार दिलाया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। संविधान के रचना में डॉ भीमराव अंबेडकर ने एक बड़ा संघर्ष का दौर देखा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी बच्ची बाउरी, मंडल अध्यक्ष तरुण राय, लोजपा नेता मुंद्रिका पासवान, रामसेवक पासवान, श्रीकांत पासवान, अजय कुमार दास, रामदेव शर्मा, कविता पासवान, कौशल वर्मा, अनिल नोनिया, दिनेश पासवान, संजय कुमार, राजू दास, राजेंद्र पासवान, चांदो पासवान, रमेश पासवान और काजू राय उपस्थित आदि थे।

## वेदांता इएसएल तीरंदाजी अकादमी से सात का चयन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला तीरंदाजी संघ ने इस वर्ष की एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ तीरंदाजों को चुनने के लिए हाल ही में सीनियर जिला ट्रायल आयोजित किया था। जिसमें चयनित शीर्ष प्रतिभाएं अब एक-दो दिसंबर को रांची में राज्य ट्रायल में भाग लेंगी। बताते चलें कि रांची राज्य ट्रायल में बोकारो का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए शीर्ष सात तीरंदाजों को इएसएल तीरंदाजी अकादमी में कोचिंग मिलती है। बोकारो जिला तीरंदाजी संघ ने हाल ही में इएसएल स्टील लिमिटेड के सियालजोरी प्लांट परिसर स्थित वेदांता इएसएल तीरंदाजी अकादमी में सीनियर जिला ट्रायल्स का उद्देश्य जिले के सभी तीरंदाजों को एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना और आगामी राज्य ट्रायल्स में बोकारो जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए शीर्ष प्रतिभाओं की पहचान करना था। भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की भागीदारी के लिए जिले की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को चुनने के लिए ट्रायल्स आयोजित किए गए थे। इसमें सेल-बोकारो तीरंदाजी अकादमी, चंदनकियारी डे बोर्डिंग सेंटर, अंजेला तीरंदाजी अकादमी और वेदांता इएसएल तीरंदाजी जैसी तीरंदाजी अकादमियों के 25 से अधिक प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने उत्साही भागीदारी देखी गई। इसके अलावा कुछ व्यक्तिगत प्रतियोगियों ने भी ट्रायल्स के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

## यूनियन की मान्यता पर चुनाव को लेकर विभिन्न संगठनों ने गेट मीटिंग किया

धनबाद (आजाद सिपाही)। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय धनबाद परिसर में पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ, ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया रेलवे इंजीनियर्स फेडरेशन के धनबाद मंडल के संगठनों की ओरर से मंगलवार को संयुक्त गेट मीटिंग की गयी। जिसमें राष्ट्र और रेल कर्मचारी के हित को ध्यान में रखकर चार, पांच व छह दिसंबर को रेलवे में होने वाले यूनियन के मान्यता के चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गयी। साथ ही रेल कर्मियों के प्रमुख मुद्दे जैसे ओल्ड पेंशन स्कीम, आठवें वेतन आयोग का गठन, बोनस की गणना न्यूनतम 18000 के बेसिक पर, रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण, टीटीई समवर्ग को रनिंग कर्मचारी का दर्जा के अलावा महिला कर्मचारी के कार्य स्थल पर बेहतर सुविधा आदि मांगों का निराकरण करने की प्रतिबद्धता जताई गई। मौके पर फूल कंवर, एके पलीत, वेलमुरुगन, ई आरके सिंह, ई एसके दुबे, ई रेखा कुमारी, शंभु कुमार आदि मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर न्यायाधीशों और वकीलों ने ली संविधान की शपथ

## संविधान के प्रति निष्ठा रखना हम सभी का कर्तव्यः प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय संविधान की शक्ति उसके उद्देश्य उसमें वर्णित सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना समझने का इससे अच्छा अवसर कोई नहीं हो सकता। ऐसे तो हम प्रतिदिन संविधान के प्रावधानों के तहत ही काम करते हैं। पर वर्ष में एक दिन ऐसा भी होता है जिसमें हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा प्रकट करने के लिए, एक जगह एकत्रित होते हैं। इसी कारण आज हम लोगों ने संविधान की शपथ ली है और उसके प्रस्तावना को पढ़ा है। उक्त बातें धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। वे मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान धनबाद के सभी न्यायिक पदाधिकारी, विधिक स्वयंसेवक, सिविल कोर्ट कर्मचारी, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता और उपस्थित अधिकारियों ने संविधान के प्रस्तावना को न्यायाधीशों के साथ पढ़ा और संविधान में अपनी निष्ठा प्रकट की। न्यायाधीश ने सभी से संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की अपील की। वहीं, बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने संविधान की शपथ ली और प्रस्तावना को पढ़ा। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि संविधान दिवस पर विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग आयोजित की जाएगी। जिसमें बच्चे मौलिक अधिकारों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन, लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू, एसएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, पारस कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिंह कुलदीप मान, राकेश कुमार, नीरज कुमार विश्वकर्मा, साकेत कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, एसए नायर, ऐंजेलिना जोन, सत्यभामा, एमजेड तारा, सिविल जज श्वेता कुमारी, निर्भय प्रकाश, संतोषी मुर्मू, रजिस्ट्रार आइजेड खान, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेंद्र झा, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा, डालसा के पैनल अधिवक्ता पैरा लीगल वॉलेंटियर राजेश कुमार सिंह, डिप्टेी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, बसंत द्विवेदी, किशोर रविदास, पंकज वर्मा, अरविंद प्रसाद, अनामिका सिंह, गीता कुमारी, प्रदीप रवानी, ओम प्रकाश दास, चंदन कुमार, सिविल कोर्ट कर्मचारी मनोज कुमार, सौरव सरकार, अनुराग कुमार, संतोष कुमार, अनुराग पांडे, शमशेर आलम, महबूब आलम आदि उपस्थित थे।



संविधान की शपथ लेते न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं वकील।

## हम सभी को मिलकर अपने मौलिक दायित्वों के पालन करने का लेना होगा संकल्पः डीसी

**माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** संविधान दिवस पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। कहा कि भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। साथ ही हमारे संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करना है। इस मौके पर डीडीसी सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद आदि उपस्थित थे।




## ऊर्जा विभाग के सचिव एवं माडा अधिकारी से बात कर रागिनी सिंह ने की बिजली-पानी समस्या अविलंब दूर करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** रामगढ़ के पावर ग्रीड में तकनीकी खराबी के चलते झरिया में कई घंटों से बिजली गुल है। इससे कई इलाकों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसकी शिकायत मिलने पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग के सचिव अविनाश कुमार से फोन पर बात की। जहां पता चला कि रामगढ़ पावर ग्रीड में बिजली की तकनीकी मरम्मती कार्य होने के कारण सेवाओं में दिक्कत हो रही है। उन्होंने मंगलवा की शाम तक बिजली सेवा पुनः बहाल हो जाने की बात कही। इसके बाद रागिनी सिंह ने जिला महाप्रबंधक ऊर्जा विभाग से फोन पर बात कर क्षेत्र में बिजली पुनः बहाल करने को कहा। लगे हाथ, पानी की समस्या को लेकर माडा प्रभारी राजीव शर्मा से भी फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मरम्मती कार्य चालू होने के कारण पानी की समस्या हो रही है। जल्द ही क्षेत्र में पानी की सुचारू व्यवस्था पुनः बहाल होगी।



## महुदा के तेलमोचो-डोंगा घाट पर रेत माफियाओं का कब्जा, प्रशासन मौन

### बालू निकासी के लिए दर्जनों ट्रैक्टरों का रहता हैं जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पुलिस-प्रशासन के सख्ती के सभी दावों के बावजूद महुदा थाना अंतर्गत दामोदर नदी स्थित डोंगा व तेलमोचो घाट से धड़ल्ले से बालू का अवैध उत्खनन व ढुलाई बदस्तूर जारी है। बताते चलें कि धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग स्थित तेलमोचो ब्रिज से सटा महुदा पुलिस चेकपोस्ट है। जिन प्रतिबंधित बालू घाट से तस्कर बालू का उत्खनन कर रहे हैं, उस स्थान तक ट्रेक्टर चेकपोस्ट के समीप से होकर आते-जाते हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन एवं खनन विभाग चुप्पी साधे हैं। सूत्रों की मानें तो यह सभी अवैध कारोबार बाघमारा के एक बड़े राजनेता, पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रशासन के संरक्षण में हो रहा हैं। यहां सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक दर्जनों ट्रैक्टरों को बालू ढोते मुख्य सड़क मार्ग एवं गांव की सड़कों पर सरपट दौड़ लगाते देखा जा सकता हैं। तस्कर घाट से निकले बालू को कई जगह पर डंप करके भी रखे हैं। बताया जा रहा कि तस्कर नदियों का बालू निकाल कर बड़े-बड़े कंपनियों के निर्माण कार्य में उच्चे दामों में बिक्री कर रहे है। पिछले तीन महीने से हो रहे अवैध खनन के पीछे एक मास्टरमाइंड की भूमिका बतायी जा रही है। शाम को उसकी होटल में बैठकी शुरू हो जाती है। और 300 रुपये प्रति ट्रैक्टर प्रति खेप की डील के साथ प्रतिदिन प्रशासन के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। पुलिस एवं प्रशासन के नाक के नीचे हो रहे इस अवैध बालू के खेल को कोई देखने वाला नहीं हैं। पुलिस प्रशासन बालू कारोबारियों का खनन व ढुलाई रोकने में असफल साबित हो रही है।



## एशियन अस्पताल में लगी छह और डायलिसिस मशीनें



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एशियन जालान सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में मंगलवार को छह और डायलिसिस मशीनें लायी गयी, जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि शहर के हृदय स्थल सिटी सेंटर के समीप एशियन अस्पताल डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की वृद्धि होने से डायलिसिस के लिए अब मरीजों को काफी सुविधा होगी और नजदीक होने के कारण उनके समय का बचत भी होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के मरीजों की सेवा में 24 घंटे कार्यरत एशियन अस्पताल को किडनी के मरीजों को अस्पताल में इस सुविधा के वृद्धि के लिए एशियन अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा करता हूं। इस अवसर पर एशियन अस्पताल के निदेशक अनुपम पांडे ने बताया की अस्पताल में पहले से 13 डायलिसिस मशीने कार्यरत थी। आज डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की एक्सटेंशन (विस्तार) प्रबंधन ने किडनी के मरीजों को डायलिसिस करवाने की परेशानियों को देखते हुए किया है। पहले हर महीने 13 डायलिसिस मशीनों में से 10 ओपीडी में और दो क्रिटिकल केसेस के लिए प्रयुक्त मशीनों से एक हजार मरीजों का डायलिसिस होता था। अब और छह डायलिसिस मशीनों के लगने से कुल 21 डायलिसिस मशीनें हो गयी हैं, जिससे हर महीने 1500 मरीजों का डायलिसिस होगा। एशियान अस्पताल के सेंटर हेड डॉ सी राजन ने बताया कि अस्पताल में चार घंटे की डायलिसिस सेवा में दौरान डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस मौके पर ट्रस्टी राजीव शर्मा, संजीव अग्रवाल, डॉ एएम राय, अस्पताल के ग्रुप मार्केटिंग हेड शैलेश झा, मो ताजुद्दीन आदि उपस्थित थे।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
CIN No. U40108JH2013SGC001702
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004, Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799 / https://www.jbvnl.co.in

**Tender Cancellation Notice**

Due to un-avoidable reason, e-tender for "Procurement of Microsoft Office 365 for Enterprise with Exchange Email solution" floated vide NIT No. 193/PR/JBVNL/2024-25 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 338270

PR 340345 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

Sd/-
General Manager (IT)

**झारखंड सरकार, उद्योग विभाग**
**हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय**
उद्योग भवन, तृतीय तल, रातू रोड, रांची-834001 (झारखण्ड)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, झारखण्ड, रांची के प्रयोजनार्थ क्रमशः MARUTI SUZUKI – CIAZ/ VERNA एवं MAHINDRA SCROPIO वाहन (जो एक वर्ष से अधिक पुराने नहीं हों) के मासिक किराया पर चालक सहित परिचालन हेतु उपलब्ध कराने एवं Mahindra Bolero के स्थानीय एवं मुख्यालय से बाहर के दैनिक परिचालन पर दर उपलब्ध कराने के प्रयोजनार्थ इच्छुक स्थानीय ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम – हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, झारखण्ड उद्योग भवन, रातू रोड, रांची।
2. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि – दिनांक–02.12.2024 को अपराह्न 03.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक–03.12.2024 को अपराह्न 03.00 बजे।

निविदा के विस्तृत Terms & Conditions को उद्योग विभाग के वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/industries एवं http://prdjharkhand.in/ पर देखा जा सकता है।

ह0/– उप उद्योग निदेशक,
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड रांची

PR 340335 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D

**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी**
**हाट–बाजार, मरकच्चो**
**(4th कॉल)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025 (केवल 01 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक) के लिए प्रखण्ड मरकच्चो अन्तर्गत पूर्ण रूप से तैयार सैरात हाट–बाजार मरकच्चो की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार, जिला ग्रामीण विकास शाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि को सम्पन्न की जायेगी–

| क्रमसं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो, मरकच्चो प्रखण्ड | 2,50,000.00 | 25,000.00 | 04 / 12 / 2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.340321 Panchayati Raj(24-25):D

**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY (JIADA), RANCHI**
JIADA Central Office Building, 3rd Floor, Namkom Industrial Area, Lowadih, Ranchi-834010.
Jharkhand Phone No. 0651-2460408, Fax: 0651-2460125, Email ID: mdjiada@gmail.com

Letter No.848 | **EMERGENT NOTICE INVITING QUOTATION** | Dated.26.11.2024

**NIT No. - JIADA/14/2024-25**

Quotation are invited from reputed Firms/Agencies for Comprehensive Anual Maintenace Contract of two Nos lift at JIADA office Building.

| Sl.No. | Items | Quantity | Rate quoted By Firm | GST | Total Amount. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kone lift (10 persons capacity) | 2 | | | |

1. Quotation will be received in office of the undersigned till 12.00 Noon on 04.12.2024 and will be opened on the same day at 12:15 P.M.
2. All lift parts will be supplied by the firms/agencies under Comprehensive Anual Maintenace Contract.
3. Firms/Agencies have to quote their rate inclusive of all taxes. However, deduction will be made at the time of payment as per prevailing rule/law.
4. Firms/Agencies has to submit:
   a. Electrical licence,
   b. lift supervisor licence and
   c. EPFO & ESI Registration.
5. Firms/Agencies has to submit similar nature work experience conducted in PSU /Govt. Department.
6. Undersign reserves the right to accept or reject any Quotation without assigning any reason whatsoever.
7. Payment will be made on half - yearly basis after successfully completion of work done certified by the competent authority.

Yours faithfully, Sd/-
(Secretary), JIADA

PR 340348 RIADA(24-25)#D

# सोआ ने सामूहिक अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के साथ समझौता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान के क्षेत्र सहित कई संयुक्त गतिविधियों के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। समझौते के तहत, दोनों विश्वविद्यालय बायोमेडिकल, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से सहमत शिक्षा, अनुसंधान और क्षेत्रीय कार्यक्रम चलायेंगे। इसे दोनों विश्वविद्यालयों के सदस्यों की एक संयुक्त समिति द्वारा तैयार किया जायेगा। समझौता ज्ञापन पर सोआ के कुलपति प्रो. प्रदिप्त कुमार नंद और कुलपति का प्रतिनिधित्व करने वाले गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर प्रो संबित कुमार पाढ़ी ने हस्ताक्षर किये। संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन के अलावा, दोनों विश्वविद्यालय संबंधित संस्थानों के मानदंडों के अनुसार छात्रों और संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण भी करेंगे और साथ ही अल्पकालिक और दीर्घकालिक संकाय और छात्र आदान-प्रदान भी करेंगे। संबंधित संस्थानों संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेंगे और छात्रों और शिक्षकों का प्रशिक्षण भी लेंगे। जबकि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पीएचडी विद्वानों को केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा सह-पर्यवेक्षक के रूप में मान्यता प्राप्त सोआ संकाय सदस्यों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

## भद्रक के 4 मंदिरों में चोरी लाखों के आभूषण लूटे



**भद्रक।** ओड़िशा के भद्रक में चार मंदिरों में चोरी की घटना सामने आई है। बदमाशों ने भद्रक नगर पालिका के वार्ड नंबर 28 के अंतर्गत गरदपुर इलाके के नुआसाही में स्थित भगवान शिव, मां मंगला, हनुमान और राधाकृष्ण मंदिर से कीमती सामान चुरा लिया है। खबरों के मुताबिक, लुटेरों ने मंदिरों को निशाना बनाया है। बदमाशों ने मां मंगला, भगवान शिव, भगवान राधाकृष्ण और हनुमान जी के मंदिरों में लूटपाट की है। बताया जा रहा है कि इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## राज्य में 28 से एक तारीख तक बारिश होने की संभावना




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में उपकुल इलाके में ठंड का प्रकोप उतना याद नहीं है, जबकि पहाड़ी इलाकों में शीतलहर जारी है। जिले में पारा जहां 10 डिग्री है वहीं सुबह सुबह घना कोहरा भी छाया हुआ है। अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान अपरिवर्तित रहेगा। भुवनेश्वर मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि इसके बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है। पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है जबकि उपकुल इलाके में हल्की सर्दी पड़ रही है। 10 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से नीचे रहा। सेमिलीगुड़ा में 10.6 डिग्री, दारिंगबाड़ी और भवानीपटना में 11 डिग्री, राउरकेला में 11.2 डिग्री, झारसुगुड़ा में 11.5 डिग्री, सुंदरगढ़, बलांगीर, कोरापुट में 11.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। भुवनेश्वर में 16.1 डिग्री और कटक में 15.5 डिग्री तापमान है। 27 तारीख तक राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। 28 तारीख से भद्रक, केंद्रापड़ा, बालेश्वर और जगतसिंहपुर जिलों में एक से दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

# पूर्व तट रेलवे में संविधान दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के मुख्यालय रेल सदन में संविधान दिवस मनाया गया। समारोह का नेतृत्व महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने किया, जिन्होंने भारत के संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पठन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अपर महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा ने भाग लिया।

समारोह के हिस्से के रूप में, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार के तहत सभी तीन रेलवे डिवीजनों -खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर में भी संविधान दिवस मनाया गया। यह अनुष्ठान पूर्व तट रेलवे के विभिन्न रेलवे स्टेशनों तक भी फैला हुआ है। दूरदराज के स्थानों पर तैनात रेलवे कर्मियों ने भी अपने-अपने कार्यस्थानों पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काटी ने किया। पूर्व तट रेलवे पर संविधान दिवस का उत्सव संविधान में निहित मूल्यों के प्रति संगठन के गहरे सम्मान और रोजमर्रा के जीवन और काम में इसके सिद्धांतों की रक्षा के महत्व को दशार्ता है। यह पहल भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और अपने कर्मचारियों और हितधारकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए पूर्व तट रेलवे की चल रही प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# सात मार्च को 'सुभद्रा' योजना की प्रथम किस्त आवेदन की अंतिम तिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना बड़ी खबर लेकर आई है। सुभद्रा की पहली किस्त का अंतिम राशि 7 मार्च को लोगों के खातों में जमा की जायेगी। वहीं दूसरी किस्त 8 मार्च से मिलेगी। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'सुभद्रा' की दूसरी किस्त 8 मार्च महिला दिवस पर मिलेगी। ऐसे में पहली किस्त के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 7 मार्च है। अब तक 80 लाख 46 हजार लाभार्थियों को सुभद्रा रुपये मिल चुके हैं। 1 करोड़ 46 लाख रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। हालांकि, 2 लाख 67 हजार अयोग्य लोगों में से, जिनकी गलती थी, उनकी समीक्षा की जा रही है। प्रभाती परिडा ने बताया कि 22 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, अब सत्यापन के बाद ही उन्हें पैसा मिलेगा। हालांकि, सुभद्रा योजना के लिए बैंक के सामने भारी भीड़ है। जिन लोगों का राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड से मेल नहीं खाता है, अगर वे बैंक में आधार को जोड़ेंगे तो उन्हें पैसा मिलेगा।

# रोसन कुजूर और मुकेश टोप्पो पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए चुने गये

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** वेदांता कलिंगा लांसर्स के खिलाड़ी रोसन कुजूर और मुकेश टोप्पो को 26 नवंबर से 4 दिसंबर, 2024 तक होने वाले प्रतिष्ठित पुरुष जूनियर एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह टूर्नामेंट उभरती प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के एफआइएच जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। जबकि टीम इंडिया पहले ही 2025 विश्व कप के लिए मेजबान के रूप में अर्हता प्राप्त कर चुकी है, यह आयोजन 7 साल के अंतराल के बाद बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग की वापसी से पहले कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करता है। पूल ए में रखी गयी टीम इंडिया का सामना चीनी ताइपे, जापान, कोरिया और थाईलैंड से होगा। कप्तान के रूप में आमिर अली और उप-कप्तान के रूप में रोहित के नेतृत्व में, टीम प्रतिभा से भरी हुई है और एशियाई मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। रोसन कुजूर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, भारतीय हॉकी आगे बढ़ रही है और अगले दो महीने पुरुष जूनियर एशिया कप और हॉकी इंडिया लीग के साथ बहुत बड़े हैं। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह एशिया की कुछ बेहतरीन टीमों से मुकाबला करने का मौका है, जिनमें से कई अगले साल विश्व कप के लिए भारत आ सकती हैं। फिलहाल, मेरा पूरा ध्यान पुरुष जूनियर एशिया कप पर है और मैं वेदांत कलिंगा लांसर्स में शामिल होने का इंतजार नहीं कर सकता क्योंकि हम हॉकी इंडिया लीग के लिए तैयार हैं और उत्साही भारतीय हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलेंगे। भारतीय हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है। मुकेश टोप्पो ने भी इसी तरह की भावनाओं को दोहराया और कहा, मैं हॉकी इंडिया, अपने कोचों और भारतीय हॉकी के प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन्होंने मुझे सबसे महान भारतीय खेलों में से एक में बेहतर चीजें हासिल करने में मदद करने के लिए लगातार प्रेरित किया। मैं टीम के साथ तालमेल बिठाने और एशिया में सर्वश्रेष्ठ होने का प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं। मैं रोसन के साथ खेलने के लिए भी उत्साहित हूं, क्योंकि हम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे। रणनीति निदेशक डेविड जॉन ने चयन की प्रशंसा करते हुए कहा, पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए रोसन और मुकेश को बधाई। हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा भरोसा है और हमें विश्वास है कि वे टीम इंडिया के गौरव के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र में बड़े पैमाने पर काम करने के बाद, मुझे विश्वास है कि भारतीय हॉकी सही रास्ते पर है और यह किसी महान चीज की शुरूआत है। रोसन और मुकेश के अलावा, भारतीय टीम असाधारण प्रतिभा से भरी हुई है और साथ मिलकर वे मंच पर धूम मचाने की क्षमता रखते हैं। भारत अपना पहला मैच 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद पूल ए में जापान, चीनी ताइपे और कोरिया का सामना करेगा।

# संबलपुर मंडल में संविधान दिवस आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** 26 नवंबर को संबलपुर मंडल में संविधान दिवस मनाया गया। आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने सभी रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। मंडल कार्मिक अधिकारी प्रमोद बेहरा ने समारोह का समन्वय किया।

# सुभद्रा योजना ओड़िशाः सरकारी अधिकारी समस्याओं का समाधान करेंगे, जागरूकता के लिए घर-घर जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में सुभद्रा योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी अधिकारी मदद करेंगे। वे जागरूकता पैदा करने के लिए घर-घर भी जायेंगे। यह बात कथित तौर पर उप मुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने कहीं। रिपोर्ट के अनुसार, सुभद्रा योजना की पहली किस्त के तीसरे चरण की धनराशि 24 नवंबर को भेज दी गयी। 20 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में धनराशि जमा हो चुकी है। इस चरण में छूटे हुए 25 प्रतिशत आवेदकों को भी शामिल किया गया है। अन्य आवेदनों के लिए पात्रता का सत्यापन चल रहा है। जरूरत पड़ने पर भौतिक सत्यापन भी किया जायेगा। सत्यापन के बाद दिसंबर में इन महिलाओं को सुभद्रा राशि मिल जायेगी। इसी तरह 5 लाख आवेदकों के खातों को आधार से लिंक करने में भी दिक्कत आ रही है। साथ ही, आधार लिंक करने के बाद भी कुछ आवेदनों में समस्या आ रही है, क्योंकि लाभार्थी का खाता किसी भी मोबाइल नंबर से लिंक नहीं हो पाया है। यह समस्या दूर होने पर दिसंबर में उन्हें भी पैसे मिल सकेंगे। सरकारी अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करेंगे। वे कथित तौर पर जागरूकता पैदा करने के लिए घरों का दौरा भी करेंगे। उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने कहा कि यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी जब तक कि छूटे हुए लाभार्थियों को शामिल नहीं कर लिया जाता। कथित तौर पर, ओडिशा सरकार सुभद्रा आवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए 'बैंक मित्रों' की मदद लेगी, जिन्हें मोबाइल और आधार नंबर को जोड़ने तथा अपने खातों को डीबीटी-सक्षम बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# अच्युत सामंत 61वें मानद डॉक्टरेट से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और डक्कळ और डक्रर के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत को वढएर विश्वविद्यालय, देहरादून द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी। यह उपाधि 26 नवंबर 2024 को वढएर विश्वविद्यालय, देहरादून, उत्तराखंड के 22वें दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान की गयी। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रो अच्युत सामंत को अबतक मिली 61वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। यह सम्मान शिक्षा के माध्यम से समाज में प्रो सामंत के महत्त्वपूर्ण योगदान का प्रमाण है। विश्वविद्यालय ने सम्मान प्रदान करते हुए इन क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदानों को याद किया। अपनी 61वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करते हुए प्रो सामंत ने कहा कि पिछले 33 वर्षों से वे समाज के कल्याण के लिए अथक और निः स्वार्थ भाव से सेवा कार्य कर रहा हैं। यह 61वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री उन्हें हमेशा याद रहेगी। समारोह के दौरान ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य लॉर्ड करण बिलिमोरिया को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी। प्रो सामंत को समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा कई मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**